दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। शुक्रवार 27 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 348 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## राष्ट्रपति मुर्मु ने सियाचिन बेस कैंप का किया दौरा

### वीर जवानों के जज्बे की प्रशंसा की



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और सियाचिन युद्ध स्मारक पर शहीद हुए सैनिकों और अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने यहां तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए देश की रक्षा के प्रति उनके असाधारण योगदान की सराहना की।



राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सियाचिन युद्ध स्मारक पर वीर सैनिकों और अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह स्मारक उन सैनिकों और अधिकारियों के बलिदान का प्रतीक है जो 13 अप्रैल 1984 को सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन मेघदूत शुरू करने के बाद से शहीद हुए हैं।

सियाचिन बेस कैंप में तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में उन्हें उनपर गर्व है और सभी नागरिक उनकी बहादुरी को सलाम करते हैं।




## विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ला रही है हर समाज के दस इफैक्टिव फेस

### बन रही है दस चेहरों की लिस्ट, आयेगा चुनाव में इनके प्रभाव का ट्विस्ट

**चुनाव की अधिसूचना कभी भी जारी हो सकती है और भाजपा की चुनावी तैयारी का नया चैप्टर ये है कि वो अब हर समाज में उन चेहरों को लेकर आ रही है जो अपनी एक विशेष पकड़ रखते हैं।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा की एक बड़ी खूबी है कि वो हर चुनाव को पूरी शिद्दत से लड़ती है। शहर में उपचुनाव होना है और एक विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा ने अपने तीन प्रमुख चेहरे उतारे हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को लगाया गया है। खुद मुख्यमंत्री ये कह कर गये हैं कि बूथ कमेटी का काम 29 सितंबर तक होना है और किसी भी तरह के ओवर कांफिडेंस में नहीं रहना है। चुनाव की अधिसूचना कभी भी जारी हो सकती है और भाजपा की चुनावी तैयारी का नया चैप्टर ये है कि वो अब हर समाज में उन चेहरों को लेकर आ रही है जो अपनी एक विशेष पकड़ रखते है। भाजपा दस प्रभावशाली चेहरों की सूची तैयार कर रही है। भाजपा इन चेहरों के जरिए हर समाज में अपनी बात पहुंचायेगी। भाजपा के ये दस इफैक्टिव फेस अपनी अपनी बिरादरी के बीच जाकर भाजपा के लिए चुनावी बेस बनायेंगे। भाजपा का प्रचार करेंगे। ये चेहरे अपने अपने समाज के बीच जायेंगे, उन्हें समझायेंगे। भाजपा में दस चेहरों की तलाश हो चुकी है और अब स्टोरी में नामों का ट्विस्ट आना बाकी है।

#### दस चेहरों में हो सकते हैं विधायक-पूर्व विधायक-पार्षद और संगठन के पदाधिकारी

करंट क्राइम। भाजपा अपनी दस चेहरों वाली लिस्ट कभी भी जारी कर सकती है। शहर विधानसभा के उपचुनाव में इन दस चेहरों को अपने अपने समाज के वोट भाजपा के पक्ष में डलवाने की जिम्मेदारी दी जायेगी। ये वो चेहरे हैं जो अपने अपने समाज में एक प्रभावशाली असर रखते हैं। इन चेहरों में विधायक भी हो सकते हैं, इन चेहरों में पार्षद भी हो सकते हैं। इस लिस्ट में पार्षदों को भी स्थान मिलेगा और संगठन के पदाधिकारी को भी जिम्मेदारी मिल सकती है। बिरादरी की बात करें तो त्यागी समाज, ठाकुर समाज, गुर्जर समाज, जाटव समाज और ब्राह्मण समाज सहित कई बिरादरी को लिया जायेगा।

## आज हाउस टैक्स जमा करने पर मिलेगी 10% की छूट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने टैक्स विभाग टीम के साथ बैठक की।

बैठक में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव, जोनल प्रभारी वसुंधरा एसके राय, जोनल प्रभारी मोहन नगर आरपी सिंह, जोनल प्रभारी कवि नगर राजेश गुप्ता, जोनल प्रभारी सिटि अंगद गुप्ता, जोनल प्रभारी विजयनगर महेंद्र तथा सभी जोन के राजस्व निरीक्षक तथा कर निरीक्षक भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने सभी की परफॉर्मेंस ने जांच की। छूटे हुए हाईराइज सोसाइटी को जल्द से जल्द कवर करने के निर्देश दिए गए।

#### ऑनलाइन भुगतान पर मिलेगी 1 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट

करंट क्राइम। करदाताओं से भी नगर आयुक्त ने हाउस टैक्स 30 सितंबर 2024 तक 10% छूट के साथ जमा करने की अपील की। ऑनलाइन हाउस टैक्स जमा करने पर एक प्रतिशत अतिरिक्त छूट का लाभ प्राप्त करने के लिए भी उत्साहित किया गया। गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर हित में कार्य कर रहा है जिसके क्रम में सम्मानित करदाताओं को भी 30 सितंबर तक हाउस टैक्स जमा करने के लिए जागरूक किया गया है। अवकाश दिवस में भी समस्त जोनल प्रभारी अपने-अपने जोन में हाउस टैक्स वसूली कैंप लगाएं। प्रत्येक करदाता की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित टीम को हाउस टैक्स के प्रति जागरूक करने के लिए भी निर्देश दिए गए। गाजियाबाद नगर निगम करदाता की सहूलियत को लेकर निरंतर प्रयासरत है तथा टैक्स विभाग की टीम को प्लानिंग के रूप में कार्य करने के लिए कहा गया।

## हैवानियत : पांच साल की बच्ची के साथ स्कूल वैन ड्राइवर करता था छेड़छाड़, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

### कवि नगर थाना पुलिस कर रही है मामले की जांच





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत सिटी जोन में आने वाले कवि नगर थानाक्षेत्र में रहने वाले एक परिवार की पांच साल की मासूम बच्ची के साथ उसी के स्कूल वैन के ड्राइवर के द्वारा छेड़छाड़ और अश्लीलता किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में जैसे ही कवि नगर थाना पुलिस को परिजनों की ओर से बुधवार की देर रात शिकायत मिली, पुलिस ने आरोपी वैन चालक को दबिश देकर हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। उधर पुलिस ने इस मामले में पीड़िता पांच वर्षीय छात्रा का मेडिकल कराया है। जिसके बाद दुष्कर्म किए जाने के भी संकेत मिले हैं। इस मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखते हुए पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### स्कूल मेड की भूमिका और वैन की हो रही है जांच

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी वैन चालक को हिरासत में ले लिया है। साथ ही उसकी वैन भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। वहीं बच्ची के साथ स्कूल वैन में आने वाली मेड की भूमिका की भी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने उससे भी पूछताछ की है। इस मामले में पुलिस ने बच्ची का मेडिकल कराया है, जिसके बाद कई प्रमुख बिंदुओं पर पुलिस जांच आगे बढ़ा रही है।

#### स्कूल की सीसीटीवी फुटेज जांच करेगी पुलिस

करंट क्राइम : बच्ची के साथ स्कूल में तो किसी प्रकार की हरकत नहीं हो रही थी। इसके लिए पुलिस स्कूल के गेट और प्लेग्राउंड में आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज कब्जे में लेकर मामले की जांच करेगी। वहीं स्कूल वैन में आने वाली मेड से भी पुलिस ने पूछताछ की है। बताया जा रहा है कि परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने इस मामले में स्कूल की प्रिंसिपल के साथ कई अन्य टीचर्स और क्लास टीचर के बयान भी दर्ज किए हैं। वहीं उनसे बच्ची के केस के संबंध में सवाल भी पूछे गए हैं।

#### कई साल से वैन चल रहा था आरोपी अरुण

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में पुलिस ने वैन के चालक अरुण निवासी मुरादनगर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि अरुण स्कूल की वैन को बीते कई सालों से चल रहा था। अरुण के बारे में पुलिस अन्य जानकारी भी जुटा रही है। साथ ही जानकारी मिली है कि अरुण का पुलिस वेरीफिकेशन भी किया गया था। वही मेड के पुलिस वेरिफिकेशन के कागज भी स्कूल से पुलिस ने मांग की है।

## आज से गाजियाबाद में रावण राज





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हा हा हा...नगर में आज से रावण राज शुरू हो गया है। अब प्रत्येक नगरवासी राजा रावण का ही नाम जपेगा। किसी ने भी राम का नाम लिया तो उसको दंड दिया जाएगा। ढोल बजाकर कर्कश आवाज में रावण के दूत ने यह संदेश दिया। दूत को देखने के लिए बच्चों-महिलाओं समेत लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी द्वारा की जाने वाली रामलीला का शुभारंभ गुरुवार को रावण के दूत की मुनादी से शुरू हुआ। शाम छह बजे ठाकुरद्वारा मंदिर से 'रावण का दूत, मक्खी चूस' हास्य कलाकार की झांकी निकाली गई। उस्ताद अशोक गोयल, अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार विरो बाबा व सवारी मंत्री अजय गुप्ता ने पूजा-अर्चना कर सवारी को विदा किया। रावण दूत की यह सवारी ठाकुरद्वारा मंदिर से चलकर दिल्ली गेट, चौपला मंदिर, डासना गेट, रमतेराम रोड, राइट गंज, अग्रसेन बाजार होती हुई वापस ठाकुरद्वारा मंदिर पर पहुंची। यात्रा के दौरान रावण के दूत ने मुनादी कर लोगों को चेताया कि अगर किसी ने भी राम का नाम लिया तो उसे स्वयं राजा रावण दंडित करेंगे। रावण दूत की सवारी देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। सवारी में शिवओम बंसल, संजीव मित्तल, अनिल चौधरी, आलोक गर्ग, कार्यवाहक महामंत्री दिनेश शर्मा बब्बे, राजीव शर्मा, प्रदीप गर्ग, श्रवण गर्ग, नंद किशोर शर्मा, संजीव शर्मा, सुभाष बजरंगी, वीरेंद्र कंडेरा, पार्षद नीरज गोयल आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी बयान पर ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप का बड़ा प्रदर्शन

### भाजपा ने दिखाई यूपी गेट पर ताकत, बड़ी संख्या में जुटे नेता व पदाधिकारी







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में आरक्षण विरोधी बयान को लेकर गुरुवार को ओबीसी मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी की ओर से यूपी गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन की कमान खुद ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप संभाल रहे थे। भारतीय जनता पार्टी और ओबीसी मोर्चा ने घोषणा की थी कि गुरुवार को बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली स्थित राहुल गांधी के आवास का घेराव कर वहां प्रदर्शन करेंगे।

प्रदर्शन की चेतावनी के मद्देनजर दिल्ली पुलिस और गाजियाबाद पुलिस ने गाजीपुर बॉर्डर पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर बैरिकेडिंग कर दी थी ताकि प्रदर्शनकारी दिल्ली की सीमाओं में प्रवेश न कर सकें। भाजपा नेताओं को जैसे ही यूपी गेट पर दिल्ली जाने से रोका गया, उन्होंने अपना राहुल गांधी के खिलाफ धरना प्रदर्शन वहीं शुरू कर दिया था। राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा के तमाम नेता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और उनके आरक्षण समाप्त करने के भाषण की निंदा करते हुए प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पप्पू पहलवान, रामचंद्र प्रधान, जयप्रकाश कुशवाहा, हरवीर पाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी सौरभ जयसवाल, ब्रह्म प्रकाश पाल, मनोज गोयल, यतेंद्र नागर, प्रवीण भाटी, आशु वर्मा, रीना भाटी, योगेश भाटी, देवेंद्र यादव, श्यामवीर चौधरी, विजय धामा, संजीव भाटी, हरेंद्र चौधरी, सोनू बंसल, प्रियंक गुर्जर, उमेश भाटी, जीतपाल कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप, थान सिंह कश्यप, विजयपाल कश्यप, मनोज, रवि प्रधान, प्रदीप कश्यप, प्रमोद कश्यप, आशुतोष शर्मा, अमन कुमार, आशुतोष कश्यप, सचिन कश्यप, अर्पण कश्यप, विशाल कश्यप, सुनील कश्यप आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### भाजपा के 47 पदाधिकारियों को पुलिस ने लिया हिरासत में, प्रदर्शन के बाद हुई रिहाई

करंट क्राइम। राहुल गांधी के आवास घेराव कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं ने जब यूपी गेट पर नारेबाजी शुरू की और दिल्ली में प्रवेश करने का प्रयास किया तो इस दौरान दिल्ली पुलिस ने भाजपा के 47 से अधिक पदाधिकारी एवं नेताओं को हिरासत में लेते हुए बसों में बैठा लिया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की दिल्ली पुलिस और वहां तैनात सुरक्षा बलों से नोकझोंक भी हुई। काफी देर तक हंगा२मा चला, बाद में दिल्ली पुलिस ने सभी को चेतावनी देकर रिहा किया।

#### राज्यसभा-लोकसभा में भी उठाएंगे मुद्दा : नरेन्द्र कश्यप

करंट क्राइम। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कहा है कि वह राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी बयान को लेकर आगे की रणनीति बना रहे हैं। जिसके तहत अब राहुल गांधी को राज्यसभा और लोकसभा में घेरने की तैयारी है। भाजपा के शीर्ष नेता और केंद्रीय मंत्री राहुल गांधी के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से आगे का कार्यक्रम संचालित करेंगे।



#### ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा, जारी रहेगी आर-पार की लड़ाई

करंट क्राइम। गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के अमेरिका में दिए आरक्षण विरोधी बयान का विरोध करने के लिए बड़ी संख्या में ओबीसी मोर्चे और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी दिल्ली में प्रवेश करने की योजना बना रहे थे। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कार्यक्रम की कमान संभाले हुए थे, धरना प्रदर्शन एवं राहुल गांधी के खिलाफ आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं की भीड़ जुटी। सभी ने दिल्ली में प्रवेश करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस की लंबी बैरिकेडिंग और बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात होने की वजह से वह दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सके। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि राहुल गांधी के द्वारा जो बयान आरक्षण के संबंध में दिया था ,उसका विरोध लगातार जारी रहेगा, बीजेपी इस मामले पर चुप नहीं बैठेगी। राहुल गांधी ने जिस तरीके से आरक्षण समाप्त करने वाला बयान दिया था, इसको लेकर पिछड़ों में काफी नाराजगी है।

# हंगामे के साथ शुरू हुई सदन की कार्यवाही, आप का एलजी पर हमला, भाजपा ने किया पलटवार



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के दो दिवसीय सत्र का आयोजन सदन की शुरूआत हंगामे के साथ हुई। अभय वर्मा, जितेंद्र महाजन, विजेंद्र गुप्ता, समेत सभी विपक्षी विधायकों को सदन से मार्शल आउट किया गया। नेता प्रतिपक्ष और सभी भाजपा विधायक विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। जिसके कुछ देर बाद भाजपा विधायक सदन में आए।

सदन में आप विधायक अखिलेश त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली में सीवर जाम की समस्या के पीछे एलजी जिम्मेदार है। सिविल डिफेंस की नौकरी जाने के पीछे भी वहीं जिम्मेदार है। हमारे गृह मंत्री ने आग्रह किया कि इन सिविल डिफेंस के कर्मचारियों को होम गार्ड के तौर पर भर्ती कर दीजिए। लेकिन इन्होंने ऐसा काम नही किया।

वहीं, भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि मार्शल को पक्का करने की योजना सरकार ने क्यों नहीं बनाई। मार्शल को भर्ती करते समय उनकी जांच क्यों नहीं की। पीछे कई वीडियो आए जो गलत व्यवहार को दिखाते थे। एलजी ने होम गार्ड की भर्ती के लिए वेकेंसी निकाली है। अगर सरकार उनके पक्ष में है तो प्रस्ताव लेकर आना चाहिए। आप विधायक मदन लाल ने कहा कि दिल्ली में सिविल डिफेंस कर्मी की भर्ती से पहले आधिकारियों ने उनकी जांच की थी। आज तक किसी भी सिविल डिफेंस कर्मी को लेकर कोई शिकायत नहीं मिली। भाजपा के विधायक उनपर सवाल उठा कर उनके चरित्र पर सवाल उठा रहे हैं। आप विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली के बस मार्शलों को अरविंद केजरीवाल ने डीटीसी बसों में माताओं-बहनों की सुरक्षा के लिए तैनात किया। उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया भी। इसके बाद, कोरोना काल में इन्हीं मार्शलों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा की। लेकिन साल 2023 में भाजपा के एलजी द्वारा पहले बस मार्शलों का वेतन रोका गया, और फिर एक झटके में उपराज्यपाल ने हजारों बस मार्शलों को नौकरी से निकाल दिया। नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के 10 हजार बस मार्शल की भर्ती के दौरान उनके सपने को तोड़ा गया। मैं प्रस्ताव पेश कर रहा हूं। जिन्हें लगाया गया था। उन सभी को फिर से वापस लाएगा जाए। मार्शल को पता लगना चाहिए की किस ने उन्हें हटाया है। हमारे पांच बार के विधायक ने एक महिला के दर्द को रखा तो आप उस पर राजनीति करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 11 अक्तूबर 2023 को पत्र लिखा कि सभी सिविल डिफेंस कर्मी की सेवा अक्टूबर के बाद से खत्म होगी। आप सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के 10 हजार मार्शल की हालत काफी खराब हैं। कुछ ने आत्महत्या करने की कोशिश की। बस में अक्सर देखा गया है की लड़कियों के साथ गलत व्यवहार होता है। इसी कारण इन्हें बस में मार्शल के तौर पर लगाया है। अधिकारियों ने इस योजना को बनाया। एलजी ने इस स्कीम में कमी तलाशने की जिम्मेदारी तय की गई। अधिकारी ने इनकी फाइल पर लिखा कि इनकी जरूरत नहीं है। इस पर मंत्री ने आपत्ति जाहिर की। बाद में इनका वेतन रोक दिया गया। जनवरी से वेतन नहीं मिला। फरवरी में इस पर सवाल उठाया और वेतन देने को कहा गया। केजरीवाल ने कहा कि इन्हें फिर से बहाल किया जाए। सौरभ भारद्वाज ने कहा की इस सदन से बस मार्शल को फिर से बहाल करने का प्रस्ताव रखा गया था। 29 फरवरी को संकल्प पास हो चुका है। अगले सप्ताह हमारे मुख्यमंत्री और मंत्री भाजपा विधायक के साथ एलजी के पास जाएंगे। वो जो भी कहेंगे हम लिख देंगे। भाजपा के विधायक बता दें कि वो कब चलना चाहते हैं। जब तक एलजी उसे पास नही करेंगे हम वहा से आएंगे ही नहीं। तीन अक्तूबर 11 बजे एलजी के पास जाएंगे।

# 'दिल्ली में काम रोकने के लिए हुई मेरी गिरफ्तारी, भाजपा नेता ने मुझसे कही यह बात'

केजरीवाल का बड़ा आरोप



**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम आतिशी, आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सड़क की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर पहुंचे।

दिल्ली में कामों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक्शन मोड में हैं। केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आतिशी के साथ सड़कों का जायजा लिया। वे दिल्ली में युद्ध स्तर पर काम करने की तैयारी में हैं। दिल्ली की सीएम आतिशी, आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सड़क की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर पहुंचे।

इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अभी कुछ दिनों पहले मैं भाजपा के एक नेता से मिला और मैंने उनसे पूछा कि मुझे गिरफ्तार करके क्या फायदा हुआ? उन्होंने बताया कि इससे दिल्ली सरकार डीरेल तो हो ही गई। केंद्र सरकार द्वारा मुझे गिरफ्तार करने का मकसद ही दिल्ली की जनता के कामों को रोकना था लेकिन दिल्लीवालों को मैं कहना चाहता हूं कि अब मैं बाहर आ गया हूं और जनता के सभी रुके हुए काम तेजी से पूरे कराए जाएंगे।

केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने मुझे जेल भेजकर दिल्ली के काम रोक दिए थे।

सड़कें भी खराब हो गईं। उनका यही मकसद था। आज मैंने मुख्यमंत्री आतिशी के साथ दिल्ली यूनिवर्सिटी में एक सड़क का निरीक्षण किया। इस सड़क को भी जल्दी ठीक किया जाएगा, दिल्ली की बाकी सड़कों को भी जल्द ठीक कराया जाएगा।

अब मैं वापस आ गया हूं, दिल्ली के लोग चिंता ना करें। दिल्ली के सभी रूके हुए काम कराएंगे।

# मानहानि मामला: संजय राउत को 15 दिन की जेल मेधा सोमैया ने कहा, 'कोर्ट के फैसले से संतुष्ट हूं'



**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने गुरुवार को भाजपा के पूर्व सांसद किरीट सोमैया की पत्नी डॉ. मेधा के. सोमैया की ओर से दायर मानहानि मामले में शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने उन्हें 15 दिन जेल की सजा सुनाई है और 25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।

मझगांव मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट का यह आदेश मेधा सोमैया द्वारा संजय राउत के खिलाफ दायर दो साल पुराने मानहानि के मुकदमे में आया है। राउत ने मेधा सोमैया पर और उनके एनजीओ युवा प्रतिष्ठान पर 100 करोड़ रुपये के शौचालय घोटाले का आरोप लगाया था। संजय राउत ने कहा कि उन्होंने शौचालय निर्माण के मुद्दे पर संदेह जताते हुए कुछ आधिकारिक रिकॉर्ड्स के आधार पर केवल कुछ सवाल उठाए थे, जिसका सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के नेताओं ने भी समर्थन किया था। उन्होंने आगे कहा, इसलिए मैंने कोई मानहानि कहां की है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता ने कहा कि वह मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट के सजा के आदेश को जल्द ही हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। रिपोर्ट के अनुसार, संजय राउत ने दावा किया था कि मेधा सोमैया शौचालय घोटाले में शामिल थीं, जिसके बाद उन्होंने उनके खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था।

मेधा सोमैया ने कोर्ट के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि न्यायपालिका में उनका विश्वास कायम हुआ है। मेधा सोमैया ने मीडियाकर्मियों से कहा, मैं एक साधारण गृहिणी हूं, समाज सेवा और शैक्षणिक गतिविधियों में लगी हुई हूं, लेकिन जो कोई भी मेरे परिवार के सदस्यों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, मैं उससे लड़ूंगी। मैं अदालत के फैसले से संतुष्ट हूं। यह अन्य लोगों को इस तरह के बेतुके आरोप लगाने से रोकेगा। साल 2022 में संजय राउत ने मेधा सोमैया और उनके परिवार के सदस्यों पर कथित घोटाले का आरोप लगाया था और दावा किया था कि उनके पास इसके सबूत हैं, लेकिन वे इसे पेश करने में विफल रहे।

# पीएम मोदी ने गुजरात में 'खेल महाकुंभ' की पहल को किया याद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खेल जगत से गहरा नाता रहा है। चाहे खेल कोई भी हो पीएम मोदी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने से कभी पीछे नहीं हटे। हाल ही में शतरंज ओलंपियाड विजेताओं के साथ खास बातचीत के दौरान उन्होंने गुजरात में 'खेल महाकुंभ' पहल की याद ताजा की। पीएम मोदी ने अपने सरकारी आवास पर शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण विजेता टीमों के साथ अपनी बैठक का एक वीडियो भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया। गुरुवार को एक्स पर उन्होंने लिखा, 45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड जीतने वाली भारतीय शतरंज टीम के साथ अद्भुत बातचीत। अपनी एक पुरानी पहल को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा, जब मैं गुजरात में मुख्यमंत्री पद पर था, तो मेरी सरकार खेल महाकुंभ चलाती थी, जिसमें विभिन्न विषयों के अंतर्गत लाखों छात्र भाग लेते थे। समय के साथ, कई युवा प्रतिभाओं की पहचान हुई। उन्होंने कहा, उस समय हमने हर वर्ग-आयु के लोगों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश में खेल संस्कृति विकसित करने के अलावा 'उपलब्धियों और चैंपियनों' को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।



उन्होंने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि देश में प्रतिभाओं की भरमार है। नागरिकों में खेल भावना की संस्कृति विकसित की जानी चाहिए और इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। हर क्षेत्र में ऐसे खिलाड़ी होने चाहिए जो देश का झंडा ऊंचा रख सकें। शतरंज चैंपियनों के साथ विकसित भारत पर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित सभी क्षेत्रों में प्रमुखता और प्रभुत्व हासिल करना चाहिए। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक अन्य वीडियो में शतरंज ओलंपियाड खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री से मुलाकात के अपने अनुभव को साझा किया। हाल ही में हंगरी में संपन्न हुए 45वें शतरंज ओलंपियाड में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला टीमों के साथ प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात शानदार रही। इस दौरान खिलाड़ियों और पीएम का मजाकिया अंदाज भी दिखा। चेस टीम ने प्रधानमंत्री को चेस बोर्ड गिफ्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रगनानंदा और अर्जुन एरिगैसी के गेम का लुत्फ भी उठाया।

# गंगनहर में 5 डूबे, तीन बचाए, दो का दूसरे दिन भी नहीं सुराग, तीन शादियां टलीं, मातम में बदला जश्न



**मेरठ।** मेरठ से सटे सरधना थानाक्षेत्र में बुधवार शाम को गंग नहर में नहाते हुए किशोर समेत पांच युवक डूब गए। तीन को बचा लिया गया जबकि दो का कोई सुराग नहीं लगा। दूसरे दिन भी गोताखोर युवकों की तलाश में जुटे रहे लेकिन सफलता नहीं मिली। सरधना के मोहल्ला घोसियान निवासी किशोर व रिश्तेदार मेरठ निवासी युवक सरधना गंगनहर में नहाते समय डूब गए। दोनों की नहर में डूबने की सूचना परिजनों को मिलते ही कोहराम मच गया।

## नहर में था कम पानी, अंदाजा नहीं था डूब जाएंगे

बुधवार को गंगनहर में पानी कम था। पांचों युवक चलकर दूसरे किनारे जाने लगे। अल्तमश अकेला तैर रहा था। फैजान, शावेज, समीर और इरफान एक-दूसरे का हाथ थामे हुए थे। तभी उन्हें अचानक लगा कि पानी ज्यादा है, वह डूब सकते हैं। चारों के हाथ छूट गए। अल्तमश, समीर और इरफान को लोगों ने किसी तरह बाहर निकाल लिया, जबकि शावेज और फैजान पानी में समा गए।

## दो मासूम बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

शावेज के परिजनों बताया कि छह साल पहले उसकी शादी अलकमा से हुई थी। एक बेटी चार वर्षीय अलसिबा और दूसरी छह माह की फातिमा है। कोरोना काल में शावेज के पिता मुस्तकीम की मौत हो गई थी। अभी इस गम को परिजन भुला भी नहीं पाए थे कि शावेज के डूबने से एक बार फिर परिवार पर गम का पहाड़ टूट पड़ा।

## बेटी को गोद में लेकर नहर किनारे बैठी रहीं अलकमा

शावेज की पत्नी अलकमा चार साल की बेटी अलसिबा व छह माह की दूसरी बेटी फातिमा को गोद में लेकर गंगनहर के किनारे बेसुध होकर बैठी रही। नहर की तरफ नजर टिकाए रखी। अलकमा की हालत देख सभी की आंखें नम हो गईं।

# कांग्रेस-नेकां और डीपीडी ने जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद का वेयरहाउस बना दिया था, आरएसपुरा में गरजे सीएम योगी



**जम्मू।** सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने आतंकवाद को बढ़ावा दिया, अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना, लेकिन कांग्रेस मंदिर नहीं बनने दे रही थी। 500 साल का इंतजार अब खत्म हुआ। रामलला अपने दरबार में विराजमान हैं, पीएम के नेतृत्व में देश में विकास हुआ। जम्मू -कश्मीर के तीसरे चरण के विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज जम्मू-कश्मीर पहुंचे हैं। सबसे पहले सीएम योगी ने रामगढ़ में जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद वह आरएसपुरा पहुंचे, यहां वह कांग्रेस पर जमकर बरसे। कहा कि कांग्रेस ने आतंकवाद को बढ़ावा दिया, अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना, लेकिन कांग्रेस मंदिर नहीं बनने दे रही थी। 500 साल का इंतजार अब खत्म हुआ। रामलला अपने दरबार में विराजमान हैं, पीएम के नेतृत्व में देश में विकास हुआ, कांग्रेस ने हिंदुओं को कमजोर किया। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 खत्म किया, बीजेपी का नाम समाधान है।

### उधमपुर में अमित शाह की रैली

उधमपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'यहां भाजपा की सरकार आने पर हम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की सालाना किस्त 6 हजार से बढ़ाकर 10 हजार करेंगे। जम्मू में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनेगा, जम्मू में मेट्रो आएगी। हम हर साल आतंकवादियों द्वारा नष्ट किए गए 100 मंदिरों का जीर्णोद्धार करेंगे। हम अग्निवीरों को शत-प्रतिशत नौकरी देने का काम करेंगे।'

मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस-नेकां गठबंधन के साथ-साथ पीडीपी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हो या पीडीपी या नेशनल कॉन्फ्रेंस, इन सभी ने जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद का 'वेयरहाउस' बना दिया था। वहीं जम्मू-कश्मीर के रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पाकिस्तानी समर्थित दलों के साथ है। कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आ गया है। योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जो जम्मू-कश्मीर के लिए अलग झंडे की बात की है क्या वे उसका समर्थन करते हैं।

# बीएपीएस हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ पर बोले अनिरुद्धाचार्य महाराज, 'अमेरिकी सरकार सख्त कदम उठाए'



**नई दिल्ली।** अमेरिका के कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में स्थित बीएपीएस हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ पर वृंदावन के कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के अच्छे रिश्ते हैं। इस घटना की विस्तृत चर्चा होनी चाहिए और आगे इस तरह की हरकत नहीं हो, इसके लिए अमेरिकी सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए। अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हमले की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। अब कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई। साथ ही कट्टरपंथियों ने मंदिर की दीवारों पर हिंदू विरोधी मैसेज भी लिखे। अनिरुद्धाचार्य महाराज ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से गुरुवार को बात करते हुए कहा कि हमारे मंदिरों की सुरक्षा वहां की सरकार को करनी चाहिए। इस तरह का अगर आतंकवाद वहां पर भी है तो सरकार को कड़े कदम उठाकर इस षड्यंत्र को रोकना चाहिए। मंदिरों और सनातनियों की सुरक्षा आवश्यक है, आज पूरी दुनिया में सनातन धर्म और हिंदू खतरे में हैं, सबकी आंखों में हिंदू संस्कृति खटक रही है। भारत के अमेरिका से अच्छे रिश्ते हैं। आखिर क्यों ऐसा हुआ है, इसकी एक विस्तृत चर्चा होनी चाहिए और आगे इस तरह की हरकत नहीं हो, इसके लिए अमेरिकी सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिए। तिरुपति लड्डू मामले पर कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज ने कहा कि प्रसाद की शुद्धता तब तक नहीं हो सकती है, जब तक गौ माता की सेवा नहीं होगी। जब आपके पास गाय होंगी तो शुद्ध घी होगा। शुद्ध घी होगा तो आप बाजार की घी का इस्तेमाल करना छोड़ देंगे। बाजार का घी अशुद्ध है, इसलिए गायों की सेवा कर घी निकालकर फिर वो लड्डुओं और प्रसाद में इस्तेमाल करना चाहिए। इसलिए प्राचीन मंदिर में गौशाला जरूर होती है। मंदिरों की प्रसाद में मिलावट होने की बात दुर्भाग्यपूर्ण है, ऐसा नहीं होना चाहिए।

# उमर अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर में हार का आभास, सरकार बनाने का रुख बदला : स्मृति ईरानी



**जम्मू।** भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को जम्मू में मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान ईरानी ने उमर अब्दुल्ला के सरकार बनाने के बदलते रुख पर प्रतिक्रिया दी। स्मृति ईरानी ने कहा कि उमर अब्दुल्ला लोगों का मूड भांपने के बाद अब कह रहे हैं कि उनकी पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) कांग्रेस के साथ गठबंधन करके सरकार बना सकती है।

इससे पहले अब्दुल्ला ने दावा किया था कि नेशनल कॉन्फ्रेंस को बहुमत मिलेगा और वह जम्मू-कश्मीर में अपने दम पर सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा, "भाजपा ने पहले दिन से ही कहा है कि हम जम्मू-कश्मीर में अपने दम पर सरकार बनाएंगे। जबकि उमर अब्दुल्ला ने अपने पहले के बयान, 'नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर में अपने दम पर सरकार बनाएगी' से अपना रुख बदल लिया है।" स्मृति ईरानी ने एक सवाल के जवाब में कहा, अब वह कह रहे हैं कि एनसी कांग्रेस के साथ गठबंधन करके सरकार बनाएगी। क्या अब उन्हें अपनी हार का आभास हो गया है? उन्होंने कहा कि भाजपा ने संसद में और सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल के माध्यम से कहा है कि हम राज्य का दर्जा बहाल करेंगे।

आगे कहा, कांग्रेस कहती है कि वे जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने के लिए आंदोलन शुरू करेंगे। केवल केंद्र की भाजपा सरकार ही राज्य का दर्जा बहाल कर सकती है, कांग्रेस नहीं। राज्य का दर्जा बहाल करने के मुद्दे पर कांग्रेस का रुख आंदोलन का है जबकि हमारा रुख बहाली का है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में 84 हजार करोड़ रुपये का निवेश आया है। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में तीन लाख युवाओं को 8 हजार करोड़ रुपये की वित्तीय मदद दी गई है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को एक प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। स्वयं सहायता समूहों की सात लाख महिलाएं जम्मू-कश्मीर में लखपति दीदी बन चुकी हैं। हमने वादा किया है कि जम्मू-कश्मीर में सरकार बनने पर हर घर की सबसे बुजुर्ग महिला को 18 हजार रुपये दिए जाएंगे। उज्ज्वला योजना के तहत 1 लाख 17 हजार परिवारों को इस योजना के अंतर्गत लाया गया है। हमने अपने घोषणापत्र में गरीब परिवारों को दो एलपीजी सिलेंडर मुफ्त देने का वादा किया है।

उन्होंने कहा, हमने संकल्प पत्र में पंडित प्रेमनाथ डोगरा रोजगार योजना के तहत पांच लाख नई नौकरियां देने का वादा किया है। यूपीएससी और जेकेपीएससी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को कोचिंग के लिए 10,000 रुपये दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में डिजिटलीकरण के लीडर (अगुआ) हैं। दूरदराज के इलाकों के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने के लिए लैपटॉप और टैबलेट दिए जाएंगे। विशेष आर्थिक क्षेत्र योजना के तहत जम्मू आईटी हब बनेगा। तीन क्षेत्रीय विकास बोर्ड बनाए जाएंगे।

# विदाई से पहले मानसून का कहर, पांवटा में बादल फटा, एक की मौत, शिमला में मूसलाधार बारिश







**शिमला।** विदाई से ठीक पहले मानसून ने हिमाचल प्रदेश में फिर कहर बरपाया है। सिरमौर के पांवटा साहिब क्षेत्र में अंबोया खाला में बादल फटने की सूचना है। मलबे में दबने से रंगी राम पुत्र कंशु की मौत हो गई है। विदाई से ठीक पहले मानसून ने हिमाचल प्रदेश में फिर कहर बरपाया है। प्रदेश की राजधानी शिमला, सिरमौर सहित अन्य भागों में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सिरमौर के पांवटा साहिब क्षेत्र में अंबोया खाला में बादल फटने से व्यापक नुकसान हुआ है।

यहां मलबे में दबने से रंगी राम पुत्र कंशु की मौत हो गई। वहीं बादल फटने के बाद बड़ी मात्रा में आए मलबे से पांच दुकानें, दो छोटे पुल, एक शेड व दो घराट क्षतिग्रस्त हो गए हैं। चहारदीवारी और एक कार को भी नुकसान हुआ है।

## सतौन में बन रही कृत्रिम झील

भारी बारिश के चलते सतौन में एंगल स्टेशन के पास कृत्रिम झील बन रही है। झील में पानी का जलस्तर बढ़ने से एससी बस्ती को खतरा बन सकता है। पानी की निकासी नहीं होने के कारण सतौन क्षेत्र सहित एनएच का पानी भी इसी जगह एकत्रित हो रहा है। यदि झील टूटने से पानी बाहर निकलता है तो एससी बस्ती को खतरा बन सकता है। आज तक पानी की निकासी को कोई योजना नहीं बन पाई। वहीं राजधानी शिमला में सुबह मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया । शहर की सड़कें पानी से लबालब हो गईं। बरसाती नाले उफान पर आ गए। कई जगह भूस्खलन भी हुआ। नाले में आई बाढ़ से टॉलैंड के पास मलबे में एक गाड़ी दब गई। खलीनी-टूटीकंडी मार्ग पर टॉलैंड नाले में एक पेड़ ढह गया है। इससे वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

## सड़क पर जमा मलबे में फंसी बस

एनएच-3 पर निर्माण कार्य के चलते आवाहदेवी- दिल्ली, जम्मू-कटड़ा रूट की एचआरटीसी बस बांरी पंचायत के चाहड़ मोड़ के पास मलबे में फंस गई। हमीरपुर जिले में देर रात भारी बारिश के चलते यहां पर सड़क में जलभराव हुआ है।

## बीती रात से जमकर बरसे बादल, आज के लिए ऑरेंज अलर्ट

धौलाकुआं में 275.0, पांवटा साहिब: 165.6, गुलेर 134.0, नगरोटा सुरियां 125.0, नाहन 94.4, जोगिंदरनगर 90.0, घमरूर 82.2, बैजनाथ 75.0, कांगड़ा 38.3, पालमपुर 39.0, मंडी 42.2, जुब्बड़हट्टी 43.2 व देहरा गोपीपुर में 38.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से आज राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अलर्ट के बीच राजधानी शिमला व अन्य कई भागों में सुबह से भारी बारिश जारी रही।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# आरक्षण को लेकर राहुल गांधी के घर की तरफ भगवा ओबीसी कूच रहा जोरदार

## सवाल यही कि क्यों नहीं हुए इसमें भगवा ओबीसी चेहरों के दीदार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरक्षण वाले बयान को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने मोर्चा खोला। इस मोर्चे के उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने विरोध प्रदर्शन की पूरी कमान संभाली। उन्होंने कहा कि ये रोष मार्च है और हजारों कार्यकर्ता इसमें शामिल हैं। सरकारी गेस्ट हाऊस से लेकर अपने निजी आवास तक उन्होंने बैठकें की। नरेन्द्र कश्यप पुराने नेता हैं और संघर्षों की जमीन से राजनीति की पिच तैयार की है।

रैली में भीड़ बुलानी हो, सम्मेलन में ताकत दिखानी हो तो ये उनके लिए बड़ा काम नहीं है। कश्यप सम्मेलन से लेकर वो ओबीसी सम्मेलन तक अपनी ताकत का मुलाहिजा कई बार कर चुके हैं। भीड़ जुटाना वो जानते हैं और बड़े नेता हैं और आंदोलन की पूरी रूप रेखा से लेकर कमान तक वो जानते हैं। गुरूवार को जब उत्तर प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा अपने गाजियाबाद के कार्यकर्ताओं के साथ अपने तय कार्यक्रम के अनुसार यूपी गेट से दिल्ली गाजीपुर की तरफ चला तो गाजियाबाद के भाजपा नेताओं को एक नाटकीय घटनाक्रम से दो-चार होना पड़ा। केन्द्र में सरकार भाजपा की और दिल्ली में पुलिस केन्द्र की। उत्तर प्रदेश में सरकार भाजपा की और भाजपा के मंत्री और कार्यकर्ता घर घेरने जा रहे थे नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का।

यहां एक नाटकीय घटनाक्रम में शक्ति प्रदर्शन हुआ। भाजपा नेताओं ने बैरीकेट पर चढ़कर उस पार जाने की कोशिश की। पूरी धक्कामुक्की हुई और कुल मिलाकर प्रदर्शन के पैरामीटर पर ये कार्यक्रम पूरी तरह सफल माना जायेगा। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप यहां संख्याबल जुटाने में सफल रहे और प्रर्दशन में संख्याबल जिसके पास वही सफल माना जाता है। लेकिन यहां एक बड़ा सवाल ये रहा कि दिल्ली कूच जोरदार रहा। मगर गाजियाबाद की भाजपा के वो ओबीसी चेहरे क्यों नहीं नजर आये जो भाजपा की सियासत में हरेक की नजर में रहते हैं। इन ओबीसी चेहरों में इस प्रदर्शन से क्यों दूरी बना ली। क्या वो आरक्षण वाले बयान से सहमत थे या भाजपा के ये ओबीसी चेहरे बुलाये नहीं गये। क्या इन्हें सूचना नहीं दी गई थी। भाजपा ने इन ओबीसी चेहरों को पदों से नवाजा है तो पार्टी के कार्यक्रम में जब कार्यकर्ता आये तो यूपी गेट पर ये चेहरे क्यों नहीं आये। भाजपा के ओबीसी चेहरों में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा के दीदार नहीं हुए। इस प्रदर्शन में पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी नजर नहीं आये। पूर्व विधायक रूप चौधरी भी इस प्रदर्शन से दूर रहे। ओबीसी की बात करें तो लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ओबीसी समाज से आते हैं लेकिन वो भी यहां नहीं पहुंचे। जाट नेता बृजपाल तेवतिया भी इस कार्यक्रम से दूर रहे और यहां जाट नेताओं में पुष्पेन्द्र रावत, सुधन रावत, प्रवीण चौधरी भी नहीं पहुंचे। वहीं गुर्जर नेताओं में पृथ्वी सिंह कसाना से लेकर हातम सिंह नागर भी इस प्रदर्शन से दूरी बना गये। सवाल यही उठा कि जिस कार्यक्रम की कमान खुद भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संभाल रहे हैं। उस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष के शहर में रहने वाले भाजपा के ओबीसी चेहरे ही शामिल नहीं हुए।

# जब हुआ यूपी गेट पर ओबीसी मोर्चा वाला प्रदर्शन समाप्त

## तब दिखी भीड़ जुटाने में रीना भाटी की सबसे अलग ही बात





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में भीड़ का अपना मैनेजमेंट होता है और सियासत में ये बड़ा प्राउड होता है कि क्राउड कौन लिए हुए है। रैली से लेकर सम्मेलन तक मंत्री हो या संगठन पदाधिकारी हो, सभी को भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी दी जाती है। नेता वही माना जाता है जो एक कॉल पर भीड़ जुटा ले और जब गुरूवार को यूपी गेट पर भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदर्शन समाप्त हुआ तो यहां भीड़ जुटाने में खोड़ा नगर पालिका की पूर्व चेयर पर्सन रीना भाटी की एक अलग ही बात दिखाई दी। महिला शक्ति होने के साथ-साथ रीना भाटी ने वास्तव में अपनी शक्ति दिखाई। राजनीति किन जुझारू तेवरों के साथ की जाती है, ये दिखाया। उनकी भीड़ का एक अलग ही जलवा नजर आया। कार्यक्रम में एक भीड़ लेकर वो पहुंची और उन्होंने दिल्ली पुलिस को गिरफ्तारी भी दी। कार्यक्रम स्थल से लेकर महानगर दफ्तर तक ये चर्चा रही कि भीड़ जुटाने में वास्तव में रीना भाटी ने ताकत दिखाई है। खुद को जनाधार वाली नेता के रूप में साबित किया है। रीना भाटी खोड़ा नगर पालिका की चेयर पर्सन रही हैं और हमेशा एक्टिव मोड में पोलिटिक्स करती हैं। पार्टी का कोई कार्यक्रम हो वो एक संख्याबल लेकर पहुंचती हैं। यूपी गेट पर जब ओबीसी ताकत का मुलाहिजा होना था तो यहां रीना भाटी ने अपनी ताकत दिखाई है। ये साबित किया है कि उनके पास टीम है और वो पूरी मेहनत के साथ राजनीति में आगे आती हैं। जनाधार क्या होता है ये उन्होंने दिखाया है। राजनीति में ऐसे मौके कम आते हैं जब आपको अपनी ताकत दिखानी होती है। ये मौका जब गुरूवार को आया जब रीना भाटी ने अपना भीड़ मैनेजमेंट और अपनी ताकत को दिखाया।

# बजरिया के होटलों में चल रहा था सेक्स रैकेट का धंधा

## एसीपी ने रेड मारकर दबोचे 8 आरोपी, होटल मालिक और मैनेजर उपलब्ध कराते थे लड़कियां



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में सिटी जोन के अंतर्गत घंटाघर कोतवाली थानाक्षेत्र की बजरिया चौकी इलाके में गुरुवार की दोपहर पुलिस ने एक सूचना के बाद छापेमारी की बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी की कमान घंटाघर कोतवाली एसीपी रितेश त्रिपाठी संभाल रहे थे। उनके साथ थाना प्रभारी कोतवाली अनुराग शर्मा व बड़ी संख्या में महिला पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस की एक के बाद एक होटल में छापेमारी की कार्रवाई हुई। पुलिस ने होटल क्विज से एक जोड़ा, होटल डबल ट्री में तीन जोड़े, होटल शुभम में एक जोड़ा, होटल आर्यदीप से एक जोड़ा, होटल पार्ट टाउन से दो जोड़े संयुक्त और आपत्तिजनक स्थिति में दबोचे हैं। बताया जा रहा है कि इस दौरान 8 युवतियों को भी रेस्क्यू किया गया है। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि यह लड़कियां घरों से नौकरी और काम करने के बहाने बहार आई थीं और होटल में इनसे देह व्यापार कराया जाता था। पुलिस की कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। उधर अधिकारियों का कहना है कि इस पूरे मामले में आठों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं होटल को सील करते हुए, जिलाधिकारी को इनके लाइसेंस निरस्त करने की मांग की गई है।

**पांच होटल किए गए सील, डीएम को भेजी गई लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट**

### महिला दरोगाओं ने खटखटाए होटल के गेट, कहा खोलो कमरा




**करंट क्राइम।** महिला पुलिस को बजरिया क्षेत्र में बड़ी संख्या में देखे जाने के बाद कई होटलों में कमरा खाली करवा लिए गए थे। तो वहीं पुलिस ने जब छापेमारी की कार्रवाई शुरू की तो इस दौरान महिला दरोगाओं ने बंद कमरों के गेट खटखटाने का काम किया और उनके भीतर जो युवक-युवतियों थी, उनको बाहर निकाला गया। कुछ लोग आपत्तिजनक स्थिति में भी मिले हैं। पुलिस ने इस मामले में विजय आनंद दुबे, फैसल, शिवम यादव, शाहनवाज, रमेश, आफताब अंसारी, अखिलेश कुमार और मृत्युंजय कुमार को गिरफ्तार किया है।



### होटल किए गए सील, लाइसेंस भी होंगे निरस्त

**करंट क्राइम।** कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई करते हुए पांचों होटल को सील कर दिया है। वहीं होटल के लाइसेंस निरस्ती के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भी भेजी गई है। एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया है कि रेस्क्यू कराई गई युवतियों के बयान दर्ज किए गए हैं। साथ ही उनको भी चेतावनी दी गई है कि भविष्य में वह किसी के इस प्रकार से बहकावे में ना आएं।

### होटल के रिसेप्शन और कमरों में मिला आपत्तिजनक सामान

**करंट क्राइम।** छापेमारी की कार्रवाई करने वाले एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया है कि कुल पांच होटल को सील किया गया है। जिसमें उनके मालिक और मैनेजर की संलिप्ता सामने आई है। बताया जा रहा है कि युवतियों को यहां देह व्यापार कराने के लिए होटल वाले ही बुलाया करते थे। इनका प्रतिदिन के हिसाब से पैसा दिया जाता था। पुलिस से जानकारी मिली है कि छापेमारी के दौरान होटल के रिसेप्शन और कमरों के अंदर से पुलिस को भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है।



# जब पोल्यूशन में जिले ने किया टॉप तो फूटा पूर्व विधायक का गुस्सा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के कुछ चेहरे मुखर होकर राजनीति करते हैं और यदि बात मुद्दों की आ जाये तो फिर ये चेहरे नाराजगी की परवाह किये बिना अपने विचार रखते हैं। इन चेहरों में पूर्व विधायक रूप चौधरी भी शामिल हैं। रूप चौधरी अक्सर सोशल मीडिया पर भी अपने विचार रखते हैं और जब पोल्यूशन ने जिला टॉप किया तो पूर्व विधायक रूप चौधरी का गुस्सा फूटा। उन्होंने अपनी बात को रखा और जिस पोस्ट को लेकर वो सामने आये उस पोस्ट ने सबका ध्यान खींचा। सोशल मीडिया पर पूर्व विधायक रूप चौधरी ने प्रदूषण में जिले को प्रथम स्थान मिलने पर जनपदवासियों को बधाई दी और कहा कि अधिकारियों के अथक परिश्रम से ये स्थान प्राप्त हुआ है। पूर्व विधायक रूप चौधरी की व्यंगात्मक पोस्ट चर्चा का विषय बनी रही। प्रदूषण को लेकर पूर्व विधायक का गुस्सा नगर निगम से लेकर जीडीए और आवास विकास परिषद पर फूटा।

### कहा अधिकारियों के अथक परिश्रम से मिला है प्रदूषण में पहला स्थान




### नरक निगम-विनाश प्राधिकरण और विनाश परिषद रख दिये नाम

**करंट क्राइम।** पूर्व विधायक रूप चौधरी ने अपनी पोस्ट में प्रदूषण में गाजियाबाद के नंबर वन आने पर नाराजगी जताई। उन्होंने नगर निगम का नाम नरक निगम लिखा। विकास प्राधिकरण का नाम विनाश प्राधिकरण लिखा। आवास विकास परिषद का नाम आवास विनाश परिषद लिखा और लिखा कि नरक निकायों के अधिकारियों के अथम परिश्रम के कारण प्रदूषण में जिले को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जनपर वासियों को बधाई है।

# साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र बन गया नगर निगम का डम्पिंग ग्राउंड

## हाउस टैक्स देने के बाद भी उद्योगपतियों के हिस्से में आई है परेशानी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम टैक्स बढ़ाने की बात करता है। नगर निगम कूड़े से निजात दिलाने की बात करता है और नगर निगम ये दावा करता है कि वो स्वच्छता अभियान में रिकार्ड बनायेगा। लेकिन हिंडन पार का साईट-4 औद्योगिक क्षेत्र एक अलग ही तस्वीर पेश कर रहा है। यहां कूड़े के ढेर लगे हैं और उद्योगपतियों को ये नहीं पता है कि ये ढेर कब हटेंगे। यहां पर अब धीरे धीरे साईट-4 का इलाका डम्पिंग ग्राउंड में तब्दील हो रहा है। उद्योगपतियों का ये कहना है कि वो हाऊस टैक्स देने के बाद भी परेशानी के हिस्से में हैं। कूड़े से निजात नहीं मिल रही है और इससे परेशानी हो रही है। साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह ने इस मुद्दे पर साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साईट-4 के एसोसिएशन के अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष और वरिष्ठ सदस्यों से बात की। सभी ने अपनी बात को विस्तार से रखा है और वो चाहते हैं कि कूड़े के ढेर से मुक्ति मिले।

### साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइड 4 से 19 करोड़ वसूलता है नगर निगम: मुकेश गुप्ता



**करंट क्राइम।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइड 4 एसोसिएशन के महामंत्री मुकेश गुप्ता ने बताया नगर निगम साल में 19 करोड रुपए टैक्स के रूप में वसूलते हैं। लेकिन 60% भी खर्च नहीं करता है यदि 50 % भी औद्योगिक क्षेत्र पर खर्च किया जाए तो औद्योगिक क्षेत्र चमक उठेगा। उन्होंने बताया सुविधा के नाम पर नगर निगम कुछ नहीं देती लेकिन टैक्स वसूलने में सबसे ऊपर है।

### कूड़े की रोज करते हैं शिकायत सुनता नहीं है कोई : दिनेश मित्तल



**करंट क्राइम।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश मित्तल ने बताया औद्योगिक क्षेत्र में चारों ओर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। लेकिन नगर निगम का कोई अधिकारी सुनता नहीं उन्होंने कहा रोज करते हैं, शिकायत समाधान नहीं होता है। कई बार तो मुख्यमंत्री को भी शिकायत की है, लेकिन नगर निगम के अधिकारी किसी की नहीं सुनते चारों तरफ कूड़े के ढेर लगे नजर आते है, दिल्ली से सटे हुए औद्योगिक क्षेत्र का यह हाल है, जिले का किया होगा।

### नगर निगम की ओर से नहीं मिलती कोई सुविधा : अतीत तोमर



**करंट क्राइम।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइड 4 एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजीत तोमर ने बताया नगर निगम सुविधा के नाम पर कुछ नहीं दे रही, सिर्फ टैक्स वसूली में रहते हैं। उन्होंने बताया दिल्ली से सटे साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र बदहाल है, कूड़े के ढेर को लेकर कई बार नगर निगम के अधिकारियों से बात होती है। लेकिन सुनता कोई नहीं है, उन्होंने कहा क्या कहें किसे कहें कोई नहीं सुनता कई बार तो विदेश से आये उधमी कुड़े के ढेर देखकर कहते हैं यह कैसा औद्योगिक क्षेत्र जहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है विदेश के सामने होना पड़ता है शर्मिंदा।

### कूड़े के ढेर औद्योगिक क्षेत्र साइड 4 पर है धब्बा: आदित्य वर्धन ढाका



**करंट क्राइम।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइड4 एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य आदित्य वर्धन ढाका ने बताया कि कूड़े की समस्या को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को बार-बार शिकायत करनी पड़ती है। लेकिन शिकायत कभी दूर नहीं होती और कूड़े के देर लग जाते हैं, उन्होंने कहा कुड़े के ढेर औद्योगिक क्षेत्र साइड 4 पर एक धब्बा है। उन्होंने कहा कि कॉलोनी में क्यों कूड़े के देर नहीं लगता, टैक्स अधिक देने के बाद भी सुविधा नाम की कोई चीज नहीं है। औद्योगिक क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से उधमी आते हैं, क्योंकि वोट बिक्री हुई है। उधमी धरना प्रदर्शन करना नहीं जानते लेकिन नगर निगम के अधिकारी हमारी खामोशी का यह मतलब नहीं है। कि हम कुछ नहीं कर सकते समय आने पर नगर निगम का धेराव अपने कर्मचारियों के साथ कर सकते है।

## संपादकीय

# हार से ज्यादा जीत

भारतीय क्रिकेट टीम दुनिया की सम्मानित टीमों में शुमार है, पर टेस्ट क्रिकेट एक ऐसा मोर्चा था, जहां हम ज्यादा हारते थे और कम जीतते थे। चेन्नई में बांग्लादेश की क्रिकेट टीम को टेस्ट मैच में हराते ही भारतीय टीम ने ज्यादा हारने का दाग छुड़ा लिया है। भारतीय टीम ने अभी तक कुल 580 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से 179 मैचों में उसे जीत मिली है, जबकि 178 में हार। कुल 222 मैचों में मुकाबला बराबरी पर ठहरा और एक मैच टाई रहा है। मतलब, अपने 92 साल के टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली बार भारत के पास हार से ज्यादा जीत हैं। ध्यान रहे कि एकदिवसीय क्रिकेट के साथ ही टी-20 में भी भारत की जीत का प्रतिशत अच्छा रहा है। एकदिवसीय में हम 559 मैच जीते हैं, जबकि 445 हारे हैं। टी-20 में हम 154 जीते और 69 हारे हैं। मतलब, केवल टेस्ट मैच ही वह मोर्चा था, जहां रिकॉर्ड बुक खोलते ही निराशा होती थी। अब यह निराशा दूर हो गई है और यहां से भारत जीत की यात्रा पर तेजी से आगे बढ़ सकता है। इससे टेस्ट खेलने वाले अच्छे खिलाड़ियों के साथ ही भावी खिलाड़ियों को भी बल मिला है।

इतिहास की चर्चा अगर करें, तो आज से दो सौ साल पहले अपने देश में क्रिकेट दिखने लगा था। भारत में पहला दर्ज क्रिकेट मैच साल 1851 में कलकत्ता क्लब और बैरकपुर जेंटलमैन के बीच हुआ था। हालांकि, काफी समय बाद भारत ने 25 जून, 1932 को अपना पहला टेस्ट मैच इंग्लैंड के खिलाफ लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला था। तब हम बहुत हारते थे, जहां जाते थे, हारकर लौटते थे। साल 1952 में हमने जीतने की शुरूआत की, मगर तब भी हमारा जोर मैच को ड्रॉ कराने पर ज्यादा रहता था। मैच ड्रॉ हो जाए, तो खिलाड़ी खुश हो जाते थे और कप्तान सफल मान लिया जाता था। भारतीय क्रिकेट में बदलाव की शुरूआत 1970 के दशक में हुई। हालांकि, एकदिवसीय विश्व कप में जीत, टीवी पर क्रिकेट के प्रसारण, आर्थिक उदारीकरण और व्यावसायिकता ने भारत में क्रिकेट को बहुत लोकप्रिय बना दिया। बड़ी संख्या में प्रतिभावान युवाओं का क्रिकेट में आगमन हुआ। यदि हम एक पंक्ति में कहें, तो खिलाड़ियों को आर्थिक लाभ, सुरक्षित भविष्य और खेल की ख्याति ने क्रिकेट को हमेशा के लिए बदल दिया। क्रिकेट ने गरीब और आम घरों के लड़कों को भी अमीर होने का चमकदार रास्ता दिखा दिया, तो छोटे शहरों से भी खिलाड़ी मिलने लगे। प्रतिस्पर्द्धा बढ़ी, तो खिलाड़ियों की क्षमता, प्रतिभा और मेहनत में भी इजाफा हुआ।

भारत और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आज सिरमौर है। आईपीएल टूर्नामेंट ने भी देश में ही नहीं, विदेश में भी क्रिकेट का चेहरा बदल दिया है, पर टेस्ट क्रिकेट में हमारा ज्यादा हारना और कम जीतना एक अफसोस का विषय बना हुआ था। बीते दशक की बात करें, तो साल 2015 से अब तक हम 57 टेस्ट मैच जीते हैं, जबकि केवल 22 में हमें हार का मुंह देखना पड़ा है। साल 2016 और 2019 में तो हम एक भी टेस्ट नहीं हारे थे, तो समग्रता में सुखद नतीजे हमारे सामने हैं। दुनिया गौर कर रही है कि हाल के वर्षों में भारतीय क्रिकेट टीम ने टेस्ट क्रिकेट में बहुत उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने साल 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतकर जो झंडे गाड़े हैं, वह हमारे लिए बहुत प्रेरणादायी है। क्रिकेट की दुनिया की स्वाभाविक महाशक्ति भारत को अभी बहुत जीतना है, यह तो जीतने की महज शुरूआत भर है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 24 में 7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 25 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी : एडीबी

**नई दिल्ली।** एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) की ओर से जारी किए गए ताजा अनुमान में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024 (31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष) में 7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। यह अनुमान सितंबर 2024 की बैंक की 'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट' में जारी किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि सामान्य से अच्छा मानसून होने के कारण भारत में मजबूत कृषि वृद्धि दर देखने को मिल सकती है। इससे वित्त वर्ष 2024 में देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर होगा। एडीबी की ओर से वित्त वर्ष 2024 और वित्त वर्ष 2025 के लिए इंडस्ट्रीयल और सर्विसेज सेक्टर के साथ निजी निवेश और शहरी खपत के लिए भी आउटलुक को सकारात्मक रखा गया है। बैंक ने कहा कि सरकार की ओर से रोजगार से जुड़े इनिशिएटिव के कारण वित्त वर्ष 2025 में श्रम की मांग में इजाफा देखने को मिलेगा और इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे। भारत में एडीबी के कंट्री निदेशक मियो ओका ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने वैश्विक उठापटक के बीच भी काफी मजबूती दिखाई है और तेज वृद्धि दर से बढ़ रही है। कृषि क्षेत्र में सुधार होने के चलते ग्रामीण खर्च बढ़ेगा। इसका असर देश के इंडस्ट्री और सर्विसेज सेक्टर पर देखने को मिलेगा। सरकार की ओर से राजकोषीय समेकन पर ध्यान दिए जाने के कारण जीडीपी के मुकाबले केंद्र सरकार का कर्ज वित्त वर्ष 2024 में घटकर 56.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह वित्त वर्ष 2023 में 58.2 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2024 में महंगाई दर 4.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसकी वजह खाद्य उत्पादों की कीमतें अधिक होना है। एडीबी की ओर से कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था को छोटी अवधि में जोखिम वैश्विक स्तर पर पैदा होने वाले तनावों से है, जिसके कारण आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हो सकती है।




# जेब से होने वाला स्वास्थ्य व्यय घटकर 2021-22 में 39.4 प्रतिशत रहा: नीति आयोग

**नई दिल्ली।** जेब से होने वाले स्वास्थ्य व्यय में हाल के वर्षों में काफी कमी देखने को मिली है। यह 2021-22 में गिरकर 39.4 प्रतिशत रहा, जो कि 2013-14 में 64.2 प्रतिशत पर था। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉक्टर वीके पॉल की ओर से यह जानकारी दी गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के 2020-21 और 2021-22 के नेशनल हेल्थ अकाउंट (एनएचए) के अनुमान जारी करते हुए पॉल ने कहा कि स्वास्थ्य पर जेब होने वाले खर्च में कमी आना एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने आगे कहा, आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई से 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है और इसका हाल के एनएचए अनुमानों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि 2015-16 में लॉन्च की गई फ्री डायलिसिस जैसी स्कीम का फायदा 25 लाख लोगों को मिला है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने जेब से स्वास्थ्य व्यय घटने को सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि इस दौरान सरकार द्वारा किए जाने वाले स्वास्थ्य




व्यय में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। चंद्रा ने आगे कहा कि यह दिखाता है कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर दे रही है। एनएचए के 2021-22 के अनुमान दिखाते हैं कि सरकार का स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च बढ़ा है। आंकड़ों के मुताबिक, सरकार का स्वास्थ्य पर खर्च (जीएचई) 2021-22 में जीडीपी का 1.84 प्रतिशत रहा, जो कि 2014-15 में 1.13 प्रतिशत था। इसके अलावा सामान्य सरकारी खर्च (जीजीई) में इसकी हिस्सेदारी बढ़कर 2021-22 में 6.12 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2014-15 में 3.94 प्रतिशत थी। आंकड़ों में बताया गया कि 2019-20 और 2020-21 के बीच स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च में 16.6 प्रतिशत और 2020-21 और 2021-22 के बीच स्वास्थ्य पर खर्च में 37 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। देश में कुल स्वास्थ्य खर्च में जीएचई की हिस्सेदारी 2021-22 में बढ़कर 48 प्रतिशत की हो गई है, जो कि 2014-15 में 29 प्रतिशत थी। इस दौरान जेब से होने वाले खर्च की हिस्सेदारी 62.6 प्रतिशत से घटकर 39.4 प्रतिशत पर आ गई है।

## शेयर बाजार नए रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुला, मारुति सुजुकी और विप्रो टॉप गेनर्स

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में रिकॉर्ड-हाई पर खुला। कारोबार की शुरूआत में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमश: 85,372 और 26,056 का नया ऑल-टाइम हाई रिकॉर्ड बनाया। सुबह 9:40 पर सेंसेक्स 166 अंक या 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 85,340 और निफ्टी 42 अंक या 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 26,046 पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 938 शेयर हरे निशान और 856 शेयर लाल निशान में थे, जो दिखाता है कि व्यापक बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। हालांकि, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 158 अंक या 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,309 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 70 अंक या 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,289 पर था। आईटी, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया और सर्विसेज इंडेक्स में तेजी थी। ऑटो, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, एनर्जी और इन्फ्रा इंडेक्स में दबाव के साथ कारोबार हो रहा था। सेंसेक्स पैक में मारुति सुजुकी, विप्रो, टाटा मोटर्स, नेस्ले, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, आईटीसी, टीसीएस, बजाज फिनसर्व, एचयूएल, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक और



## एनसीएलएटी के आदेश के खिलाफ फैसला सुरक्षित

# बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही रोकने का मामला



**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिवाला समाधान पेशेवर (आईआरपी) को मामले में सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने तक यथास्थिति बनाए रखने को कहा। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने शैक्षणिक प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही रोकने के एनसीएलएटी के आदेश के विरुद्ध अमेरिकी कंपनी की याचिका पर फैसला गुरुवार को सुरक्षित रख लिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिवाला समाधान पेशेवर (आईआरपी) को मामले में सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने तक यथास्थिति बनाए रखने को कहा। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

न्यायालय ने अमेरिकी कंपनी ग्लास ट्रस्ट कंपनी एलएलसी की याचिका पर विचार किया और आईआरपी से कहा कि वह बायजू मामले से निपटने के लिए ऋणदाताओं की समिति की बैठक के साथ आगे न बढ़े। शीर्ष अदालत ने बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए दिवाला अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी के फैसले पर सवाल उठाया था, जिसमें बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही को रद्द कर दिया गया था और बीसीसीआई के साथ 158.9 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान को मंजूरी दे दी गई थी। पीठ ने पाया कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) ने शैक्षणिक प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ दिवाला कार्यवाही बंद करते समय अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। न्यायालय ने इस बात का संकेत दिया कि वह विवाद को नए सिरे से निर्णय के लिए वापस भेज सकता है। एनसीएलएटी ने दो अगस्त को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ 158.9 करोड़ रुपये के बकाया निपटान को मंजूरी देने के बाद बायजू के खिलाफ दीवाला कार्यवाही को बंद करने का आदेश दिया था। यह फैसला बायजू के लिए बड़ी राहत लेकर आया, क्योंकि इसने प्रभावी रूप से इसके संस्थापक बायजू रवींद्रन को फिर से नियंत्रक स्थिति में ला दिया। हालांकि, यह राहत थोड़े समय की रही बायजू को झटका देते हुए शीर्ष अदालत ने 14 अगस्त को एनसीएलएटी के फैसले पर रोक लगा दी थी।

## राशिफल

**मेष :** गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। आप अच्छा पैसा कमा सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक रूप से निवेश करें।

**वृष :** आज का दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के छात्रों को आज अच्छी खबर मिल सकती है। परिवार वालों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। घर में खुशियों का माहौल रहेगा।

**मिथुन :** यात्रा की स्थिति सुखद और लाभकारी रहेगी। काम के सिलसिले में जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ सकता है। गुस्से पर पूरी तरह काबू रखें।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों के दबाव और घर में दरार के कारण आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा।

**सिंह :** आज दिन नए उपहार लेकर आएगा। व्यापार में अचानक लाभ के योग बन रहे हैं। सहकर्मी मदद के लिए तैयार रहेंगे। पैसा कमाने का मौका मिले हाथ से न जाने दें

**कन्या :** आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आज ही कोई त्योहार मनाने के लिए तैयार हो जाइए। दोस्त और रिश्तेदार इकट्ठे होंगे और खूब मौज-मस्ती करेंगे।

**तुला :** मित्र आपका परिचय किसी खास व्यक्ति से कराएंगे, जिसका आपकी सोच पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। मजाक में कही गई बातों पर किसी पर शक करने से बचें।

**वृश्चिक :** दिन शानदार रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ सकता है। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन प्राप्त हो सकता है। आपको अपनी जरूरी बातों का ध्यान रखने की जरूरत है

**धनु :** सम्मान मिलेगा। हर चीज में ईमानदार रहें। पुराने दोस्तों और रिश्तेदारों से बात हो सकती है, अस्वस्थता संभव है। पति-पत्नी के संबंधों में मधुरता आएगी।

**मकर :** जीवनसाथी के साथ मूवी या रेस्टोरेंट में समय बिताने से सुकून मिलेगा और दिमाग तरोताजा रहेगा। अचानक पैसा आएगा, जो खर्च और बिल आदि का ध्यान रखेगा।

**कुंभ :** परिवार में किसी शुभ कार्य की रूपरेखा बन सकती है। व्यापार के अवसर सुखद यात्रा पर ले जा सकते हैं। सामाजिक स्तर पर आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मीन :** किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं, अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं। अधिक पाने की कोशिश में, खोने से भी बचें, खर्चा ज्यादा हो सकता है।

## चुटकुले

दो दोस्त आपस में बात कर रहे थे...
टोलू- एक लॉजिक मैं आज तक समझ नहीं पाया।
पोलू- क्या?
टोलू- धीरे बोलो दीवारों के भी कान होते हैं। मान लो कान होते भी हैं तो जुबान तो नहीं होती ना... सुन भी लिया तो किसी को कैसे बताएंगे।

---

शराबी दोस्त- शराब से ज्यादा नुकसान तो पानी ने पहुंचाया है।
रवि- नहीं भाई, आप गलत कह रहे हैं, पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
शराबी- क्यों भाई साहब, क्या पिछले साल बाढ़ से हजारों लोग मरे नहीं थे?

---

मोटू को अपना पालतू कुत्ता बेचना था, पतलू उसे खरीदने वाला था।
पतलू- क्या यह कुत्ता वफादार है?
मोटू- हां, मैं इसको दो बार बेच चूका हूं, ये इतना वफादार है कि हर बार मेरे पास वापिस आ जाता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि एक डबल इंद्रधनुष है तो दुसरे वाले के रंग प्राथमिक या पहली इंद्रधनुष के विपरीत क्रम में होते हैं।
- एक चंद्र इंद्रधनुष या चंद्रधनुष देखने के लिए, चंद्रमा केवल पूर्ण ही नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सूर्योदय से 2 से 3 घंटे के भीतर आकाश में 42 डिग्री से भी कम होना चाहिए, और निश्चित रूप से, बारिश बिल्कुल उस सटीक पल पर चंद्रमा के विपरीत होनी चाहिए।
- बहुत ही दुर्लभ अवसरों पर एक तीसरा और चौथा इंद्रधनुष भी हो सकता है।
- कुछ इंद्रधनुष में केवल एक रंग होता है और इसे 'मोनोक्रोम इंद्रधनुष' कहा जाता है।
- आकाश में यदि सूर्य कम ऊंचाई पर होता है तो इन्द्रधनुष ऊंचाई पर बनता है और यदि आकाश में सूर्य अधिक ऊंचाई पर होता है तो इन्द्रधनुष काफी नीचे बनता है। इंद्रधनुष ने प्राचीन मिथकों में योगदान दिया है। ग्रीक लोगों का मानना? था कि इंद्रधनुष ने स्वर्ग और पृथ्वी के बीच एक पुल प्रदान किया था।
- इंद्रधनुष रंगावली का क्रम लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, नीलिगो, बैंगनी है।

**दैनिक करंट क्राइम**

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## 27 09 2024 करंट क्राइम

# आज के जन्मदिन

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



राहुल देव
अभिनेता



साक्षी नारंग, कृष्णा प्रजापति, नेहा सिंघल, आरती, अनीता मेहरा, आर्यन कौशिक
मोहित मित्तल, अजय पंडित, आकाश प्रधान, राम हरि गोयल, चंदन त्रिपाठी, राजेश पराशर
शदमान सलमानी, शुभम ठाकुर, अमित त्यागी, जुगल नागपाल, कपिल कुमार, सतीश रघुवंशी
विशु पाल, प्रेम सिंह, जुबैर चौधरी, सोरभ राज शर्मा, सचिन ठाकुर, अमित कुमार, अमित कुमार

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# छोटी उम्र में पीएम मोदी ने दी थी सीख आज स्टार प्लेयर बनीं वंतिका

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में 45वें शतरंज ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला टीमों से मुलाकात की। जिसका वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी शेयर किया। इस दौरान नोएडा की बेटी और प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली वंतिका अग्रवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी से जुड़ा एक पुराना और दिलचस्प किस्सा सुनाया। साल 2012 में प्रतियोगिता के दौरान नरेंद्र मोदी जो उस वक्त गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उन्होंने मेरा हौसला बढ़ाया था, जिसके बाद वंतिका लगातार भारत के लिए मेडल जीत रही हैं। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद वंतिका ने बताया कि उन्हें ये याद था कि मेरा जन्मदिन 28 सितंबर को है, उन्होंने मुझसे पूछा आप जन्मदिन पर क्या करने वाली हो। मुझे बहुत ज्यादा खुशी हुई।

इसके साथ ही वंतिका ने पुराना किस्सा सुनाते हुए बताया कि जब मैं 9 साल की थी। गुजरात में नरेंद्र मोदी ने



मोदी आर्काइव नाम के सोशल मीडिया अकाउंट से नरेंद्र मोदी और वंतिका की पुरानी तस्वीर शेयर की गई।

एक बड़ा इवेंट का आयोजन करवाया था। उस समय मैंने एशियाई चैंपियनशिप जीती थी। उसमें मैंने दो गोल्ड मेडल जीते थे। उन्होंने मुझे उस कार्यक्रम में आमंत्रित किया और मुझे सम्मानित भी किया। मुझे इतनी ज्यादा प्रेरणा मिली थी कि मैंने सोच लिया था अब इंडिया के लिए खेलना है और देश के लिए हमेशा गोल्ड मेडल लाना है। मोदी आर्काइव नाम के सोशल मीडिया अकाउंट से भी नरेंद्र मोदी और वंतिका अग्रवाल की पुरानी तस्वीर शेयर की गई। इसमें तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंतिका को सम्मानित किया था। इसके साथ ही पोस्ट में वंतिका की नरेंद्र मोदी को लिखी चिट्ठी भी शेयर की गई है।

इस पोस्ट में लिखा है, "तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि शतरंज सिर्फ पुरुषों का खेल नहीं है। उन्होंने 2012 में स्वामी विवेकानंद महिला शतरंज महोत्सव में 3,500 महिलाओं को प्रेरित किया। जिसमें 9 वर्षीय वंतिका अग्रवाल भी थीं, जो उस दिन उनसे मिलीं और बहुत प्रेरित हुईं। आज, वंतिका के पास भारत के लिए महिला ग्रैंडमास्टर और इंटरनेशनल मास्टर के फिडे खिताब हैं, उन्होंने हाल ही में बुडापेस्ट में 45वें शतरंज ओलंपियाड में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता है।"

वंतिका अग्रवाल ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान कहा कि आपकी प्रेरणा से प्रोत्साहित होकर ही शतरंज ओलंपियाड में जीतने की शक्ति मिली। उन्होंने पीएम मोदी को एक तस्वीर भेंट की। यह तस्वीर उस वक्त की थी, जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे और उन्होंने गुजरात में एक शतरंज का बड़ा टूनामेंट करवाया था। उस टूनामेंट में वंतिका अग्रवाल भी शामिल हुई थीं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद शतरंज खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा



45वें शतरंज ओलंपियाड में भारत ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की

**नई दिल्ली ।** बुडापेस्ट में 45वें शतरंज ओलंपियाड में भारत ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के युवा शतरंज खिलाड़ियों से अपने सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात का वीडियो पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी शेयर किया है।

पुरुष और महिला दोनों टीमों ने पीएम मोदी को चेस बोर्ड गिफ्ट किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रगनानंदा और अर्जुन एरिगैसी के बीच एक रोमांचक शतरंज मुकाबले का भी लुत्फ लिया। इस मुलाकात के बाद, शतरंज के सितारों ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें इतना सहज महसूस कराया कि ऐसा लगा ही नहीं कि वे देश के प्रधानमंत्री से बात कर रहे हैं। डी. गुकेश, अर्जुन एरिगैसी और आर. प्रगनानंदा के शानदार प्रदर्शन के कारण पुरुष टीम ने स्लोवेनिया पर अंतिम दौर में रोमांचक जीत हासिल कर स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल, तानिया सचदेव की महिला टीम ने अजरबैजान को 3.5-0.5 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। टीम के कप्तान अभिजीत कुंते ने बताया कि उन्हें कैसे पता चला कि पीएम मोदी ने अमेरिका में अपने भाषण में उनकी जीत का जिक्र किया है।

उन्होंने कहा, वह बहुत उत्सुक थे कि 100 वर्षों में हमने जो उपलब्धि हासिल की है, उसके बारे में पूरी दुनिया को पता चले। 22 सितंबर को अमेरिका में पीएम के भाषण से कुछ घंटे पहले ही हमने जीत हासिल कर ली। जब हमने भाषण सुना, तो पीएम ने गर्व के साथ हमारी जीत को सभी के साथ साझा किया।

विदित ने प्रधानमंत्री मोदी से अपनी मुलाकात के बारे में कहा, यदि आप अच्छा प्रदर्शन करते हैं और प्रधानमंत्री से प्रशंसा प्राप्त करते हैं, तो आप इससे अधिक क्या मांग सकते हैं? जिस तरह से उन्होंने बात की, उससे हम सहज महसूस कर रहे थे। उन्होंने टूनामेंट के बारे में पूछा और हमारे साथ हंसी-मजाक भी किया।

वंतिका अग्रवाल यह जानकर बहुत खुश हैं कि प्रधानमंत्री ने उनका जन्मदिन याद किया है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से अपनी पहली मुलाकात को भी याद किया, जब वह 9 साल की थीं। उन्होंने कहा, मेरा जन्मदिन 20 सितंबर को था और प्रधानमंत्री मोदी को यह याद है। मुझे यकीन नहीं हो रहा था कि उन्हें मेरा जन्मदिन याद है। जब मैं 9 साल की थी, तब मोदी जी ने गुजरात में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया था। उस समय मैंने एशियाई चैंपियनशिप जीती थी। उन्होंने मुझे उस कार्यक्रम में आमंत्रित किया और मेरा सम्मान किया। गुकेश ने कहा, जिस तरह से उन्होंने वंतिका के जन्मदिन को याद रखा, उससे पता चलता है कि वह खिलाड़ियों की कितनी परवाह करते हैं और यह उनके लिए कितना मायने रखता है। यह देखकर हमें बहुत खुशी हुई।



# राहुल वापसी करेंगे, हमारा समर्थन उनके साथ : अभिषेक

**कानपुर।** भारतीय टीम कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट की तैयारी कर रही है, ऐसे में सभी की निगाहें केएल राहुल पर हैं, जो लंबे समय तक चोटिल रहने के बाद लाल गेंद के क्रिकेट में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 35 के आसपास औसत और लगातार खराब प्रदर्शन के साथ, राहुल के हालिया फॉर्म ने टीम में उनके स्थान को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।



हालांकि, भारतीय बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर अनुभवी बल्लेबाज के फॉर्म में लौटने को लेकर आशावादी हैं। नायर ने महत्वपूर्ण दूसरे टेस्ट से पहले बोलते हुए राहुल की हालिया चुनौतियों को स्वीकार किया, लेकिन कठिन दौर में खिलाड़ियों का समर्थन करने के महत्व पर जोर दिया।

नायर ने गुरुवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम सभी जानते हैं कि राहुल किस तरह के खिलाड़ी हैं। उनके पास अनुभव और प्रतिभा है, लेकिन हर क्रिकेटर ऐसे दौर से गुजरता है, जब चीजें ठीक नहीं होतीं। ऐसे समय में कोचिंग टीम के रूप में हमारी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है - उन्हें आगे बढ़ने में मदद करना, फिर से वह चमक पाना।

राहुल ने दुलीप ट्रॉफी की अपनी एकमात्र पारी में शुरूआती सत्र में 111 गेंदों पर 37 रन बनाए। महत्वपूर्ण मौकों पर निर्णायकता की कमी और आक्रामक स्ट्रोक का उपयोग करने की अनिच्छा के कारण उनकी आलोचना की गई। स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाने में उनकी हिचकिचाहट पर लोगों ने सवाल उठाए। दूसरी पारी में 121 गेंदों पर 57 रन की उनकी पारी आंशिक रूप से उनके प्रदर्शन में सुधार थी, क्योंकि उनकी मुख्य जिम्मेदारी बल्लेबाजी के पतन के बीच विकेट को संभाले रखना था; चुनौतीपूर्ण 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक होने की कोशिश में अपना विकेट खोना विनाशकारी होता।

जब आप भारत के लिए खेल रहे होते हैं, तो प्रेरणा की जरूरत नहीं होती। कभी-कभी यह सिर्फ.दिशा की बात होती है और मुझे लगता है कि केएल ने पिछले कुछ दिनों में उनके साथ थोड़ा समय बिताया है। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपने खेल को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। हाँ, कई बार ऐसा होता है जब कोई खिलाड़ी अपने पैर जमा लेता है। मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका में जब वह वहां थे, तो उन्होंने भारत के लिए शानदार पारियाँ खेली थीं।

# महिला टीम पुरुष टीम से विश्व कप जीतने की प्रेरणा लेगी : दीप्ति शर्मा

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का मानना है कि भारतीय टीम पर पहला विश्व कप जीतने का दबाव नहीं होगा बल्कि वे तो पुरूष टीम से विश्व कप जीतने की प्रेरणा लेंगी।

दीप्ति ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से बात करते हुए कहा, किसी भी खिलाड़ी के लिए विश्व कप एक बड़ा टूनामेंट है और निश्चित रूप से दबाव होगा, लेकिन व्यक्तिगत रूप से पुरुष टीम की विश्व कप जीत से मैं बहुत प्रेरित हूं। हमने पिछले कुछ सीरीज और टूनामेंट में अच्छा काम किया है और हम यहां भी अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। मैं इसे दबाव नहीं कहूंगी।

भारत 2020 के टी 20 विश्व कप में उपविजेता था, जबकि 2005 और 2017 के वनडे विश्व कप के फाइनल में भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा



था। हालांकि दीप्ति का मानना है कि 2017 के विश्व कप से भारतीय महिला क्रिकेट की प्रगति पर बड़ा प्रभाव पड़ा। उस समय दीप्ति सिर्फ 19 साल की थीं और उनके नाम 30 वनडे और तीन टी20 मैच थे।

दीप्ति ने कहा, 2017 के विश्व कप में हम जिस तरह से खेले, अचानक से बहुत कुछ बदल गया। व्यक्तिगत रूप से मुझे पहचाना जाने लगा। ऐसे किसी मॉल में जाना या पैदल टहलना मुश्किल हो गया। अगर हम विश्व कप जीतते तो चीजें और भी बदलती। तब हर लड़की क्रिकेट खेलना चाहती। हालांकि इस बार हम सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद कर रहे हैं।

दीप्ति ने हाल ही में महिला हंड्रेड प्रतियोगिता में लंदन स्पिरिट की तरफ से खेलते हुए छह परियों में पांच बार नाबाद रहते हुए 132.50 के स्ट्राइक रेट से 212 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने 6.85 की इकॉनमी रेट से आठ विकेट भी लिए। इससे पहले इस साल के डब्लूपीएल में उन्होंने 136.57 की स्ट्राइक रेट से 295 रन बनाए, जबकि 7.23 की इकॉनमी से 10 विकेट भी लिए।

# टेनिस प्रीमियर लीग सीजन 6 की नीलामी

## लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा फिर से एक साथ आए

**मुंबई।** टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के बहुप्रतीक्षित छठे सीजन से पहले, आठों फ्रेंचाइजी ने बुधवार को सहारा स्टार, मुंबई में नीलामी में पूरी ताकत झोंक दी। सितारों से सजी इस शाम में टेनिस के दिग्गज लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा मौजूद थे, जो कई वर्षों के बाद खेल को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आए थे, साथ ही बॉलीवुड सेलेब्स रकुल प्रीत सिंह और सोनाली बेंद्रे भी मौजूद थीं।

कई उतार-चढ़ावों के साथ बोली के चार दौर के बाद, सभी टीमों ने बेहद प्रतिस्पर्धी रोस्टर बनाए, जिसमें दुनिया भर से आकर्षक प्रतिभाओं का मिश्रण था।

22 वर्षीय अर्मेनियाई उभरती हुई स्टार एलिना अवनेस्यान, जो पहली बार टूनामेंट में भाग लेंगी, के लिए प्रियेश जैन के स्वामित्व वाली और



तापसी पन्नू समर्थित पंजाब पैट्रियट्स ने 42.20 लाख रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाई।

अन्य टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के बावजूद, पैट्रियट्स ने डायमंड श्रेणी से अपनी टीम में दुनिया के 47वें नंबर की खिलाड़ी को शामिल करने के लिए कड़ी मेहनत की, जिससे खिताब के लिए उनका इरादा जाहिर हुआ।

पंजाब ने पुरुषों की प्लेटिनम श्रेणी से अर्जुन काधे को 5 लाख रुपये के आधार मूल्य पर अपने साथ जोड़ने में कामयाबी हासिल की और नीलामी के अंतिम दौर में रणनीतिक रूप से खेलते हुए मुकुंद शशिकुमार को 6.80 लाख रुपये में खरीदने के लिए अंत तक इंतजार किया।

# 'सेवानिवृत्त' पहलवान विनेश फोगाट को पता-ठिकाना न बताने पर भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने सेवानिवृत्त पहलवान विनेश फोगाट को पता-ठिकाना न बताने का नोटिस दिया है। इस पहलवान का मूत्र नमूना लेने के लिए टीम भेजी गयी थी क्योंकि वह पेरिस ओलंपिक खेलों में पदक जीतने से चूक गयी थीं। फाइनल की सुबह उनका वजन 100 ग्राम अधिक होने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था।



नोटिस में बताया गया है कि 9 सितंबर को हरियाणा के सोनीपत में विनेश के निवास पर डोप नियंत्रण अधिकारी को भेजा गया था, उस समय जब उन्होंने बताया था कि वह वहां उपलब्ध रहेंगी। लेकिन हरियाणा विधानसभा के लिए चुनाव लड़ रहीं विनेश अपने निवास पर उपलब्ध नहीं थीं। नाडा ने कहा कि यह पता-ठिकाना न बताने का मामला है।

पेरिस में महिलाओं की 50 किग्रा श्रेणी के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली महिला पहलवान बनकर भारत के लिए इतिहास रचने वाली विनेश को 14 दिनों के भीतर नोटिस का जवाब देने के लिए कहा गया है।

नाडा के नोटिस में कहा गया है, आपको एडीआर की ठहरने की जगह संबंधी आवश्यकताओं का पालन करने में स्पष्ट विफलता के बारे में सूचित करने और मामले पर अंतिम निर्णय लेने से पहले आपको कोई भी टिप्पणी करने के लिए आमंत्रित करने को लेकर एक औपचारिक नोटिस दिया जाता है। कृपया इस पत्र को ध्यान से पढ़ें, क्योंकि इसके आपके लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसकी एक प्रति आईएएनएस के पास उपलब्ध है।

# शाकिब अल हसन ने टी20 से लिया संन्यास

## कानपुर मैच हो सकता है उनका आखिरी टेस्ट

**कानपुर ।** बांग्लादेश के चर्चित ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने टी20 से संन्यास की घोषणा कर दी है। इस साल जून में हुए टी20 विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ मैच उनका आखिरी टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच था।

इसके साथ ही कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाला टेस्ट मैच उनका आखिरी टेस्ट मैच हो सकता है। हालांकि शाकिब चाहते हैं कि अगर उनके लिए बांग्लादेश में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं ताकि वह बांग्लादेश में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाली टेस्ट सीरीज के बाद घर से ही संन्यास लें। हालांकि बांग्लादेश के आंतरिक माहौल को देखकर अभी दक्षिण अफ्रीका सीरीज पर भी संकट के बादल हैं। वहीं वनडे फॉर्मैट के बारे में



उनका कहना है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के बाद वनडे से भी संन्यास ले लेंगे।

कानपुर टेस्ट से पहले हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाकिब ने कहा, मैं दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए उपलब्ध हूं, लेकिन वहां पर हमारे देश में बहुत कुछ हो रहा है। इसलिए बहुत कुछ मुझ पर निर्भर नहीं करता है। मैंने बीसीबी के साथ टेस्ट क्रिकेट को लेकर अपने भविष्य पर चर्चा की है। यह मेरा आखिरी टेस्ट हो सकता है। हां, अगर मौके.बनते हैं तो मैं मीरपुर में अपना आखिरी टेस्ट खेलना चाहूंगा। बोर्ड भी यह सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश कर रहा है कि मैं वहां खेल सकूं और सुरक्षित रहूं। इसके अलावा अगर कभी जरूरत हो तो मैं देश से बाहर भी निकल सकूं।

अगस्त महीने की शुरूआत में बांग्लादेश में हुई हिंसा और प्रदर्शन के समय से ही शाकिब बांग्लादेश में नहीं थे। पिछले महीने ढाका में हुए एक मर्डर केस में शामिल 147 लोगों में शाकिब का नाम भी शामिल था।

हालांकि जब पांच अगस्त को देश भर में हुए प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया, तब शाकिब कनाडा में ग्लोबल टी 20 लीग खेल रहे थे। इसके बाद वह टेस्ट सीरीज खेलने पाकिस्तान गए और बाद में सरे के लिए काउंटी क्रिकेट खेले। फि लहाल वह भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलने के लिए भारत में हैं।

बांग्लादेश की अगली टेस्ट सीरीज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्टूबर में है, जो कि उनकी घरेलू सीरीज होगी। शाकिब ने अब तक 70 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उनके नाम 4600 रन और 242 विकेट हैं।

# महिला टी20 विश्व कप जीतने की भारत की संभावनाएं बहुत ज्यादा : लीसा स्थालेकर

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान लीसा स्थालेकर का मानना है कि यूएई में होने वाले आगामी महिला टी20 विश्व कप जीतने के लिए भारत की संभावनाएं बहुत ज्यादा हैं। उन्हें यह भी लगता है कि 3-20 अक्टूबर तक होने वाले इस टूनामेंट में भारत को अच्छी शुरूआत देने के लिए सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना पर बहुत कुछ निर्भर करेगा।

विश्व कप में भारत को ग्रुप ए में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम अपना पहला महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

तो जाहिर है, मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। वे मौजूदा चैंपियन हैं। वे 4/4 के लिए जा रहे हैं। इंग्लैंड मजबूत रहा है, हालांकि उन्होंने न्यूजीलैंड के साथ





दो बार खेला। वे हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ हार गए, हालांकि उन्होंने अपनी सबसे मजबूत टीम नहीं भेजी। लेकिन आपको लगता है कि वे अच्छी तरह से तैयार हो रहे हैं और वे चुनौती ले रहे हैं।

भारत, निश्चित रूप से, हरमनप्रीत कौर की अगुआई में चुनौती का सामना करेगा। मैंने देखा कि उसने आईसीसी पर एक लेख लिखा था जिसमें कहा गया था कि वे 2020 में फाइनलिस्ट थे और वे लंबे समय से सेमीफाइनलिस्ट हैं। मुझे लगता है कि उनके पास (इसे बदलने की) हर संभावना है, लेकिन मुझे लगता है कि वे अच्छी शुरूआत के लिए अपने सलामी बल्लेबाजों पर निर्भर रहेंगे, फिर वे इस बार पूरी तरह से जीत जाएंगे।

जैसे, अगर पूजा वस्त्रकर - वह फिट रह सकती है और वापसी की राह पर है, तो वह कई टीमों के लिए काफी मुश्किल साबित हो सकती है। इसलिए, भारत की संभावनाएं बहुत अधिक हैं। मैं उनसे सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद करूंगी, अगर फाइनल में नहीं। मुझे लगता है कि उनके पास ताकत, गहराई और अच्छे गेंदबाज हैं। शायद यह 4-5-6-7 की स्थिति है - क्या वे वास्तव में अच्छी दर से रन बना सकते हैं? मुझे यह देखने में दिलचस्पी होगी कि क्या सलामी बल्लेबाज और जेमिमा रोड्रिग्स यूएई में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

फिर चौथी टीम - मुझे नहीं लगता कि न्यूजीलैंड वहां होगा, मैंने जो देखा है उसके आधार पर। दक्षिण अफ्रीका, जाहिर है, 2023 में फाइनलिस्ट था। ऐसा लग रहा था कि उनके पास भी ऐसी ही टीम है, इसलिए उन्हें जोर लगाना होगा।

एबीसी-इंटरनेशनल डेवलपमेंट के क्रिकेट कमेंट्री और मोजो कार्यक्रम में वर्चुअल बातचीत के दौरान 'ीर' ने आईएएनएस से कहा, वेस्ट इंडीज को कभी भी नजरअंदाज न करें - अगर वे पुरुषों की टीम की तरह खेलते हैं और शानदार टूनामेंट खेलते हैं, तो कुछ भी संभव हो सकता है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ ऑलराउंडर के रूप में 2010 और 2012 टी20 विश्व कप जीतने वाली लीसा यूएई में आगामी टूनामेंट में कमेंट्री करेंगी। उन्होंने बताया कि कैसे टी20 क्रिकेट की अप्रत्याशितता उन्हें खेल के सबसे छोटे प्रारूप को पसंद करती है। कुछ भी संभव है। 50 साल पुराने क्रिकेट की तुलना में टी20 क्रिकेट की सबसे अच्छी बात यह है कि कोई भी दिन अच्छा खेल सकता है या कोई बेहतरीन गेंदबाजी कर सकता है। इसका एक उदाहरण पूनम यादव हैं, जिन्होंने 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला मैच खेला था, उन्होंने शायद 3 या 4 विकेट (4/19) लिए थे। उसने ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम को काफी हद तक ध्वस्त कर दिया, इसलिए उन्होंने पर्याप्त रन नहीं बनाए।

# ग्रीन पार्क, काली मिट्टी की पिच

## कानपुर टेस्ट में क्या होगी भारत की रणनीति

**कानपुर।** चेन्नई टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ 280 रनों की बेहतरीन जीत हासिल करने के बाद अब भारतीय टीम की नजरें कानपुर टेस्ट पर होंगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मद्देनजर रोहित शर्मा एंड कंपनी के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण है।

भारत मौजूदा डब्लूटीसी चक्र में अंकतालिका के शीर्ष पर है। वह चाहेगा कि घरेलू धरती पर बाकी बचे सभी मैच वह जीते, ताकि फाइनल में पहुंचने में उन्हें कोई दिक्कत न हो। दो मैचों की टेस्ट सीरीज अब लाल मिट्टी से काली मिट्टी की पिच की तरफ यात्रा कर रही है। पिच की शुरूआती झलक के अनुसार तो यह खबर आई है कि इस पिच पर कम उछाल देखने को मिल सकता है, जिसका असर दोनों टीम के प्लेइंग इलेवन में भी देखा जा सकता है।

**कैसी हो सकती है कानपुर की पिच :** ऐसा अनुमान है कि चेन्नई में



पिच से मिली उछाल की तुलना में ग्रीन पार्क की पिच अधिक सपाट होगी और टेस्ट के आगे बढ़ने के साथ ही उछाल भी कम होती चली जाएगी। अगर ऐसा होता है तो यह पिच रैंक टर्नर नहीं होगी।

**टीम न्यूज - शाकिब चयन के लिए उपलब्ध :** बांग्लादेश के स्टार आलराउंडर शाकिब अल हसन उंगली की चोट से जूझ रहे हैं और इसके कारण यह आशंका जताई जा रही थी कि वह चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हालांकि बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने इस तरह की किसी भी आशंका पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि शाकिब चयन के लिए उपलब्ध हैं। वह बुधवार को कानपुर में बांग्लादेश के अभ्यास प्रशिक्षण सत्र में दिखे, हालांकि वह अधिक समय तक वहां नहीं रहे।

**क्या हो सकती है भारत और बांग्लादेश की प्लेइंग इलेवन :** चेन्नई की लाल मिट्टी की पिच में तेज गेंदबाजों के लिए काफी मदद थी और उछाल भी काफी अच्छा था।

# संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने किया सीएमई समारोह का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की तरफ से नोएडा में 25 सितंबर 2024 को सीएमई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के क्षेत्र से 102 डॉक्टर को उनकी चिकित्सा सेवा के लिए सम्मानित किया गया। सीएमई कॉन्फ्रेंस में संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की उपलब्धियां व सुविधाओं के विषय में जानकारी दी गई। अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी विभाग के अंतर्गत होने वाले इलाज के विषय में सीएसआर हेड श्वेता चौधरी ने बताया, संतोष मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पिछले 30 वर्षों से क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के द्वारा न्यूनतम दरों पर इलाज की सुविधा प्रदान कर रहा है।

इस सेमिनार में डॉक्टर रति अग्रवाल न्यूरोसर्जन, डॉक्टर पुलकित गुप्ता यूरोलॉजिस्ट, डॉ. आशुतोष अंग्रिश कार्डियोलॉजिस्ट ने सीएमई कॉन्फ्रेंस में उपस्थित डॉक्टर्स के सवालों का जवाब दिया और अपने-अपनी विभागीय बीमारियों पर विस्तार से डॉक्टर्स को जानकारी दी।



पी.सी.एम.ए .के अध्यक्ष डॉक्टर एस के शर्मा ने संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का आभार व्यक्त किया और चिकित्सा सेवा के लिए प्रशंसा की।

इस अवसर पर सी.एस.आर हेड श्वेता चौधरी मार्केटिंग, गुरदीप तेवतिया, दुष्यंत चौहान, सुमित कुमार, कपिल शर्मा उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान मजदूर मोर्चा ने शहर की समस्याओं को लेकर मोदीनगर तहसील का किया घेराव



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर पालिका द्वारा गृहकर व जलकर आदि में की गई बढ़ोतरी को कम कराये जाने व शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग करने को लेकर गुरुवार को भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों लोग पैदल मार्च करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे, और तहसील का घेराव किया। वहाँ पहुँच कर एसडीएम कार्यालय के बाहर नारे बाजी करते हुए धरने पर बैठ एक सभा आयोजित की। भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य व किसान नेता डॉ0 बबली गुर्जर, युवा मोर्चा के अध्यक्ष पं0 सतेन्द्र शर्मा व राहुल गुर्जर ने संयुक्त रूप से कहा कि नगर पालिका द्वारा की गई टैक्स वृद्धि, सीकरीखुर्द की जमीन के दाखिल खारिज, रैपिड मेट्रो के द्वारा किए गए सड़क के गड्ढे, सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं के अभाव एवं सीकरी भवन के 22 करोड़ रुपए खर्च करने के संबंध में सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखे और जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीके शर्मा, नवीन जैन, तिलक राज अधाना, निर्दोष खटाना, बीर सिंह, राज वर्मा, देव पंडित, साहब सिंह, मोनू गुर्जर, दक्ष नगर, विपिन जिंदल, सुंदर सिंह, चमन सिंह, शांति देवी, रामदत शर्मा, सतवीर प्रजापति, बॉबी यादव, जेपी शर्मा, सभासद प्रवीण गुर्जर, प्रीतम सैनी आदि मौजूद रहे।




### किस की फिसल गई जुबान हमें वोट नही देता दलित और मुसलमान

वैसे तो बातें तो सबका साथ सबका विश्वास की हो रही हैं लेकिन जुबान से बातें ऐसी निकल रही हैं कि कान को विश्वास नही हुया कि उनकी जुबान से ऐसी बात निकल सकती हैं। मगर किस्से का पंच ये है कि बात तो मंच से कही गई हैं और सबने सुनी है। बात का तंत भी भगवा संत ने पकड़ा हैं और सुना है कि मामला रीजनल ठाकुर तक पहुंचा हैं। वैसे आब्जेक्शन करने वाले को समझाया गया कि तुमने इलेक्शन में नही देखा था कि प्रदेश वाले चौधरी ने फूल वालें चरणो की धूल अपने सिर माथे पर ली थी। और तुम सोच रहे हो कि रीजनल वालों से शिकायत करके कुछ क्रांति कर लोगे। सुना है कि मंच से कह दिया गया कि हमारी पार्टी को दलित और मुसलमान वोट ही नही देता हैं। कहने वाले ने कहा कि गलती से निकल गई होगी ये बात उनकी जुबान से। संत कह रहे हैं कि सुनी तो गौतम वकील साहब ने भी होगी ही ये बात। लेकिन फूल वालों ने कहा कि इसमें इतना तूफान उठाने वाली कोई बात भी नही हैं। अगर डीएम के वोट हमें मिलते तो लोकसभा का परचम पांच प्लस होता। रही बात शिकायत करने की तो सुनो उनकी तारीफ तो डिफेंस वाले मंच से कर गये थे तो इस वाले मंच की भला बात क्या।

### आप तो तब भी साहब अब भी साहब तब भी सैल्यूट अब भी सैल्यूट

बीते दिनो एक रयूमर उड़ी कि प्रभारी मंत्री बदल गये हैं और इस खबर को सुनते ही कई के लहजे ही बदल गये। लेकिन थोड़ी देर बाद पता चला कि कोई बदली नही हुई है तो इस बात को सुनते ही फूल वालों के फिर से हावभाव बदल गयें। प्रभारी मंत्री मूल रूप से अफसर हैं। सूबे की पुलिस का महकमा उनके घर से चला है। वो खुद एडीजी रहे हैं और वीआरएस लेकर फूल पालिटिक्स में आये हैं। इधर भगवा गढ़ का हाल ये है कि वो वाले अफसर गली मौहल्ले के पार्षद से लेकर सरकार के मंत्री की बात को ना कह देते हैं। अब इस टीस को दबाकर सियासत कर रहे हास्य परिहास वाले नेता जी ने तो भिगो भिगो कर वाले अदांज में जो कहना था कह दिया। सुना है कि लीडर जी ने जो कहा वो साहब ने भी कंसीडर किया। उन्होने कह दिया कि आप तो कल भी साहब थे और आज भी साहब हैं। आप को तो कल भी सैल्यूट कर रहे थे और महकमें वाले आज भी सैल्यूट कर रहे हैं। आप बेसिकली साहब पहले हैं और पक्ष विपक्ष वाली फील कभी ये महकमें वाले आने ही नही देतें। सुनने वालों ने कहा कि कालेज वालों को नालेज बहुत हैं और बात को वहीं तक पहुंचाते हैं जहां तक पहुंचनी चाहिये। बात भी सही है कि डीजीपी टू एडीजी का दो पीढ़ियों का सफर ये बताने के लिये काफी हैं कि सलाम कराने के लिये पालिटिक्स की सीढ़ियो की जरूरत नही हैं। उधर नेता जी भी बड़े जनप्रतिनिधि हैं और वो भी ये बता रहे हैं कि सरकार में हम हैं लेकिन सरकारी अधिकारी ना सलाम कर रहे ,ना काम कर रहें बस बेकार में किसी बात को मुद्दा बना हमें बदनाम कर रहे।

### रामलीला में इस बार शहर में दिखाई देगा सियासी इफेक्ट

इस बार की रामलीला में शहर में चुनावी इफेक्ट दिखाई देने हैं। इधर रामलीला आ रही है और उधर चीफ गेस्ट वाली लिस्ट तैयार हो रही है। अधिसूचना जारी हो गई तो दावेदारी का बूम आ जायेगा। गली मौहल्ले की रामलीला में भी दावेदार पहुंचेगें और इस बार लाईनपार की रामलीला से लेकर घंटाघर की रामलीला तक दावेदार दिखाई देगें।

# जेएमएस फार्मेसी कॉलेज में संजीदगी से मनाया गया वर्ल्ड फार्मेसिस्ट डे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद स्थित जेएमएस फार्मेसी कॉलेज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े उत्साह और शालीनता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माता सरस्वती की पूजा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें संस्थान के सैक्रेटरी डॉ. हिमांशु सिंहल, प्रिंसिपल प्रोफेसर (डॉ.) प्रवीण गुप्ता और निकाय प्रमुख रोहिणी सैनी ने भाग लिया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'विश्व स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति' थी, जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने विभिन्न औषधीय पौधों का रोपण किया और उनके औषधीय गुणों पर चर्चा की।

रंगोली प्रतियोगिता में जशनदीप सिंह, दीपांशु, शिवम, आयशी चौधरी, हाजरा अल नूर, काव्य, काजल और अनु शर्मा ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। भाषण





प्रतियोगिता में अनम और शमसुद्दीन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि पोस्टर मेकिंग में कपिल, जशनदीप सिंह और शिवम शर्मा ने उत्कृष्टता हासिल की। कार्यक्रम की सफल एंकरिंग कल्चरल क्लब 'अंतरागिनी' की प्रमुख प्रोफेसर अनमोल कालरा ने की। निर्णायक मंडल में एडमिशन हेड अंकिता चौधरी, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड तनवी गौर, प्रो. अनमोल कालरा, प्रो. राहुल कुमार और प्रो. आरिफ शामिल रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष रूप से, प्रो. सौरभ शर्मा, प्रो. अजहरुद्दीन, प्रो. कनिका, प्रो. रोहिणी सैनी और प्रो. शैलेंद्र कुमार का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो. वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव खेलो इंडिया महिला वेटलिफ्टिंग लीग (जोन-बी) में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाज़ियाबाद के प्रो. वाइस चांसलर (प्रशासनिक) पीयूष श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आई.जी., आईपीएस) एवं संजना श्रीवास्तव को प्रतिष्ठित अस्मिता खेलो इंडिया महिला वेटलिफ्टिंग जोनल राउंड बी टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। यह आयोजन उत्तर प्रदेश के मोदीनगर में, भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के बैनर तले आयोजित किया गया एवं कार्यक्रम का आयोजन सबीना ने किया।

इस टूर्नामेंट में महिलाओं की तीन श्रेणियों - युवा, जूनियर और सीनियर - में प्रतिभाशाली वेटलिफ्टर्स ने अपनी ताकत और समर्पण का प्रदर्शन किया। विभिन्न राज्यों की टीमों ने शानदार खेल कौशल और खेल भावना का



**सीनियर महिलाएं : विजेता : उत्तर प्रदेश और उपविजेता : हिमाचल प्रदेश।**
**जूनियर महिलाएं : विजेता : उत्तर प्रदेश और उपविजेता : हरियाणा।**
**युवा लड़कियां : विजेता : हरियाणा और उपविजेता : उत्तर प्रदेश।**

प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित ट्रॉफियां जीतीं। प्रत्येक श्रेणी में विजेता राज्य निम्नलिखित थेः

श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को उनकी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और खेलों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण और शारीरिक फिटनेस के महत्व पर जोर दिया। अस्मिता खेलो इंडिया महिला वेटलिफ्टिंग लीग (जोन-बी) महिलाओं के खेलों में बढ़ती शक्ति का प्रमाण है, जो युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करता है।

## ज्ञापन सौंपा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। देश के गृहमंत्री अमित शाह के निवास स्थान पर 25 सितंबर 2024 को जाकर, दिल्ली में हो रहे भारत-बांग्लादेश के क्रिकेट मैच के विरोध में ज्ञापन दिया।




## बजरिया ही नहीं हर होटल में यही हाल

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बने हुए दो साल का समय हो गया और बीते दो साल के दौरान अलग-अलग जोन में होटल पर पुलिस की कई बार कार्रवाई हुई है। इस बार पुलिस कमिश्नरेट वालों का चाबुक बजरिया पर चला है। यहां पुलिस की नजरिया ज्यादा पड़ गई है बजरिया वालों की दिन की निंदिया व चैन उड़ गया। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बजरिया वह इलाका है जो होटल वाले इलाके के लिए फेमस है। यहां एक बार पिछली सरकार में भी जबरदस्त कार्रवाई हुई थी। बड़ी-बड़ी बसें और गाड़ियां आरोपियों को कोर्ट ले जाने के लिए लगाई गई थीं। साल बीते लेकिन हालात नहीं बदले बताए जा रहे हैं। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का जोन कोई भी हो लेकिन बजरिया जैसे हालात हर होटल में हैं। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बताते हैं कि कमिश्नरेट के लिए कहा जाता है कि जोन कोई सा भी हो लेकिन होटल में धंधा एक ही चल रहा है। कहने वाले तो कहते हैं कि जितना बड़ा और जितना प्रमुख इलाका उतना बड़ा धंधा चलता है। ऐसा नहीं है कि इलाके वाले बीट से लेकर चौकी वाले टू-स्टार से लेकर जोन वाले साहब



को जानकारी ना हो और जो जानकारी न होने का दावा करते हैं वह अधिकारियों को गुमराह खुले तौर पर करने का ही काम कर रहे हैं। अगर अधिकारियों को अपने आसपास व इलाके के बारे में ही इनपुट नहीं मिला तो पुलिसिंग की बात ही क्या रह गई। उधर देहात जून में तो एक धर्म विशेष के बोर्ड की आड़ में फ्लैट में भी काम चल रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि नदियापार वाले एक मॉल के अंदर जब मामला संचालित पाया गया था, तो चौकी प्रभारी पर गाज गिरी थी। वहीं थाने व चौकी वाले भी कई पुलिसकर्मी रडार पर आए थे लेकिन बजरिया में इतनी मोहलत क्यों दी गई है, इसका जवाब अधिकारियों को देना चाहिए। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम की बात की जाए तो होटल के अंदर वाला खेल सोसाइटी से लेकर अलग-अलग वैरायटी के कस्टमर के लिए सुविधा प्रोवाइड तक की जानकारी अधिकारियों के केबिन तक पहुंचती रहती है। अब देखना होगा कि बजरिया के बाद मिनी कनाट प्लेस वाले इलाके और हाईराइज वाले टावरों में साहब लोगों की नजरें और सूचना तंत्र के वायर कहां तक कनैक्ट हो पाते हैं। कुल मिलाकर मामले में कार्रवाई का वो करंट नहीं आया जो पिछली कार्रवाई में था।

# मोदी सरकार में महंगाई और बेरोजगारी अहम मुद्दा : रामानंद गोयल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व महानगर अध्यक्ष रामानंद गोयल ने कहा कि जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है, तभी से महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। पूरे देश में बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस मुद्दे पर कदम उठाने से भाजपा सरकार कतरा रही है। भाजपा और अंधभक्तों के लिए महंगाई और बेरोजगारी मुद्दा नहीं है। महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा तो केवल आम जनता के लिए है। इस बार देश के युवा मोदी के जाल में फंसने वाले नहीं हैं।

प्रधानमंत्री ने सालाना 2 करोड़ नौकरियां अर्जित करने, किसान की आय दोगुनी करने और मुद्रा स्थिति से निपटने के अपने पिछले वादों को पूरा नहीं किया। पीएम को दलित, किसान और युवाओं से माफी मांगनी चाहिए। मोदी ने लोगों को बेवकूफ बनाया है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए जो वादा किया था, वह केवल खोखला ही



था। सच्चाई तो यह है कि देश में हर 2 घंटे में दो किसान और दो युवा आत्महत्या कर रहे हैं जिसकी वजह युवाओं के लिए बेरोजगारी और किसानों को अपनी फसल का उचित मूल्य न मिलना है।

देश की जनता को अब यह समझ में आ रहा है कि मोदी सिर्फ झूठे वादे करके देश की जनता को वोट लेने के लिए गुमराह करते हैं। जब सत्ता में आ जाते हैं तो अपने किए हुए वायदा को भूलकर अपने मनमाने ढंग से सरकार चलाते हैं। गरीबी और बेरोजगारी पर मोदी का सत्ता में आने के बाद में कुछ ध्यान ही नहीं जाता।

# हनुमान मंगलमय परिवार करेगा पूरे देश में हनुमान चालीसा का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद स्विस होटल जीटी रोड पर हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी बीके शर्मा हनुमान, पवन जिंदल, राम अवतार जिंदल, मुख्य ट्रस्टी की अध्यक्षता में शहर के राष्ट्रपति पदक पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ समाजसेवी वी के अग्रवाल को हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट का चेयरमैन नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टीयो ने कहा कि हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट कई वर्षों से धार्मिक आयोजनों के माध्यम से शहर में नई दिशा तय कर रहा है जैसे पात्र कन्याओं की शादियां हवन यज्ञ द्वारा सनातन धर्म की गतिविधियों द्वारा एक संदेश देने का प्रयास किया है आज सनातन धर्म अनेकानेक विधर्मियों के द्वारा स्वास्थ्य की दृष्टि से खानपान में विशुद्धता का प्रचार प्रसार करना सनातन धर्म के पूज्य धमार्चार्य के खिलाफ षड्यंत्र रचना आदि हनुमान मंगलमय परिवार संकल्पित है। इस अवसर पर विनीत कुमार शर्मा राष्ट्रीय महासचिव, राजीव शर्मा, आचार्य मनीष शर्मा राष्ट्रीय महासचिव, को विश्व ब्रह्मर्षि ब्राह्मण महासभा के ऐतिहासिक कार्यक्रम मे अध्यक्षता करने वाले राम अवतार जिंदल, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा द्वारा सभी का सम्मान किया गया इस अवसर पर पंडित आरसी शर्मा, कपिल पंडित, राजीव शर्मा, देवेंद्र हितकारी, डॉ देवेंद्र शर्मा, रवि शंकर शर्मा, गंगासागर ओझा मौजूद थे।

## श्राद्ध पूर्व जन्मों के प्रति सच्ची श्रद्धा का प्रतीक : सौरभ यादव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा नेता सौरभ यादव ने कहा कि श्राद्ध पूर्व जन्मों के प्रति सच्ची श्रद्धा का प्रतीक है पितरों के निमित्त विधिपूर्वक जो कर्म श्रद्धा से किया जाता है, उसी को श्राद्ध कहते हैं। ब्रह्म पुराण के अनुसार श्राद्ध की परिभाषा है जो कुछ उचित कॉल पात्र एवं स्थान के अनुसार उचित शास्त्र नुमोदित विधि द्वारा पितरों को लक्ष्य करके श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को दिया जाता है श्रद्धा कहलाता है। हिंदू धर्म के अनुसार प्रत्येक शुभ कार्य के



आरंभ में माता-पिता पूर्वजों को नमस्कार या प्रणाम करना हमारा कर्तव्य है। हमारे पूर्वजों की वंश परंपरा के कारण ही हम आज यह जीवन देख रहे हैं। इस जीवन का आनंद प्राप्त कर रहे हैं। इस कर्म में ऋषियों ने वर्ष में एक पक्ष को पितृ पक्ष का नाम दिया, जिस पक्ष में हम अपने पितरों को श्राद्ध तर्पण मुक्ति हेतु विशेष क्रिया संपन्न कर उन्हें अर्ध समर्पित करते हैं। यदि किसी कारणवश उनकी आत्मा को मुक्ति प्रदान नहीं होती तो हम उनकी शांति के लिए विशिष्ट कर्म करते हैं जिसे श्राद्ध कहते हैं।

## उज्जवला सोसाइटी ने बांटी टीबी मरीजों को प्रोटीन पोषण किट



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** उज्जवला सोसाइटी ने टीबी मरीजों को हर तीसरे माह दिये जाने वाले प्रोटीन पोषण की किट भेट की। आयोजित कार्यक्रम में संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा अरोड़ा के नेतृत्व में 30 टीबी मरीजों को तीसरे महीने प्रोटीन पोषण किट वितरित की गई। जिसमें मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ0 कैलाश चंद, पवन कुमार, एसटी एस दिनेश, एलटी राकेश कुमार, सुमन चैधरी, कमलजीत, शिखा भटनागर, मंजु गर्ग, अंशु गर्ग, स्वाति गोयल, अपेक्षा जैन, कार्तिक, गोपाल आदि उपस्थित रहे। रिया जोसेफ, डॉ0 रश्मी मलिक, प्रियंका अग्रवाल, नीलम गुप्ता, आंचल गोयल, रजनी भारद्वाज, सुशीला दहिया, आरती ढाका आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# अभिव्यक्ति फाउंडेशन को मिला अंत्योदय सम्मान



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन भाजपा कार्यालय पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में अंतोदय सम्मान कार्यक्रम का आयोजन जगदीश कुमार बिग एवं पप्पू पहलवान , शिक्षक कल्याण फाउंडेशन एवं समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा किया गया। इसमें मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के द्वारा सभी को अंत्योदय सम्मान प्रदान दिया गया। जिसमें अभिव्यक्ति फाउंडेशन का नाम भी नामांकित किया गया था। अभिव्यक्ति फाउंडेशन की ओर से निशि पाराशर मंजू गोस्वामी व पूजा शर्मा को समाज में उत्थान के लिए अंत्योदय सम्मान से सम्मानित किया गया।

## मदरसे में पढ़ रहे नाबालिग ने मौलाना का गला रेता, हालत गंभीर

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पिटाई से गुस्साए एक नाबालिग ने धारदार हथियार से वार कर मौलाना को गंभीर रुप से घायल कर दिया। गंभीर हालात में मौलाना को हापुड के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही भोजपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। छात्र को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मौके से खून से सनी आरी मिली है। पुलिस ने मदरसे को अपने कब्जे में ले लिया है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मौलाना का अस्पताल में इलाज चल रही है। उनकी हालत खतरे से बाहर है, मामले में जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने गांव में चल रहे मदसरे को भी अवैध बताया है जिसकी जांच की जा रही है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ये संस्कार है ये परिवार है और अमेरिका में रहने वाले मानस के लिए भी यादगार पल है। अनाज मंडी के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू ने विपुल शर्मा और एंड्रेला शर्मा के सुपुत्र मानस को विशुद्ध भारतीय अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# अमेरिका में एक महीने में दूसरी बार मंदिर में तोड़फोड़, आपत्तिजनक नारे भी लिखे गए



**वॉशिगटन ।** अमेरिका में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को लगातार निशाना बनाया जा रहा। पिछले कुछ दिनों में कई हिंदू मंदिरों पर हमला देखा गया है। न्यूयॉर्क की घटना को अभी 10 दिन भी नहीं बीते थे। अब कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को निशाना बनाया गया है। मंदिर के बाहर लगे बोर्ड पर हिंदू विरोधी टिप्पणी लिखी गई है।

## घृणा अपराध की जांच कर रही पुलिस

सैक्रामेंटो काउंटी के पुलिस अधिकारी 'हेट क्राइम' यानी घृणा अपराध की जांच कर रहे हैं। रैंचो कॉर्डोवा क्षेत्र में आर्मस्ट्रांग एवेन्यू पर बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर मौजूद है। सैक्रामेंटो माथेर हवाई अड्डे के ठीक उत्तर में यह मौजूद है। मंदिर के बाहर लगे बोर्ड पर 'हिंदुओं वापस जाओ' लिखा था।

पार्किंग स्थल के सामने लगे साइन बोर्ड पर भारत सरकार का उल्लेख करते हुए टिप्पणी लिखी गई। अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों ने मंदिर से जुड़ी पानी की लाइन को भी काट दिया।

यह हमले ऐसे समय में हो रहे हैं जब हाल ही में पीएम मोदी अमेरिका की यात्रा पर गए थे। अमेरिका और कनाडा में हिंदू मंदिरों पर इस तरह के हमले पहले खालिस्तान समर्थकों की ओर से किए जाते रहे हैं।

**'धार्मिक कट्टरता और नफरत के लिए कोई जगह नहीं':** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में सीए 06 और सैक्रामेंटो काउंटी का प्रतिनिधित्व करने वाले अमी बेरा ने एक्स पर कहा, 'सैक्रामेंटो काउंटी में धार्मिक कट्टरता और नफरत के लिए कोई जगह नहीं है।

मैं हमारे समुदाय में बर्बरता के इस स्पष्ट कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। हम सभी को असहिष्णुता के खिलाफ खड़ा होना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे समुदाय में हर कोई, धर्म की परवाह किए बिना, सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे।' हिंदुओं को घर जाने के लिए कहा मानवीय गरिमा, आपसी सम्मान और बहुलवाद को बढ़ावा देने वाले हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाकर किए गए घृणा अपराध का मुद्दा उठाने के लिए बेरी को धन्यवाद दिया। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने एक्स पर कहा, 'धन्यवाद बेरा। यह बर्बरता एक हिंदू विरोधी घृणा अपराध है, जो हिंदू मंदिर को निशाना बनाकर किया गया है, जिसमें हिंदुओं को भारत सरकार के साथ जोड़कर संदेश दिया गया है और हिंदुओं को घर जाने के लिए कहा गया है।'

## इससे पहले 17 सितंबर को हुई थी घटना

इससे पहले, इस साल 17 सितंबर को न्यूयॉर्क के बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की घटना हुई थी।

# जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए जयशंकर अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना में सुधार की मांग

**न्यूयॉर्क ।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 25 सितंबर 2024 को न्यूयॉर्क में जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए। यह बैठक ब्राजील की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी और यह ब्राजील की अध्यक्षता में विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक थी। यह बैठक संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर हुई। ट्रोइका सदस्य के रूप में बैठक में बोलते हुए विदेश मंत्री ने वैश्विक शासन सुधार के तीन प्रमुख क्षेत्रों - संयुक्त राष्ट्र और उसके सहायक निकायों में सुधार; अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना में सुधार और बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में सुधार की मांग दोहराई।



जी-20 की दूसरी विदेश मंत्रियों की बैठक में एस जयशंकर ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों की जोरदार वकालत की। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि, संयुक्त राष्ट्र अतीत का कैदी बना हुआ है। दुनिया एक स्मार्ट, आपस में जुड़ी और बहुध्रुवीय क्षेत्र में विकसित हो गई है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के बाद से इसके सदस्यों की संख्या चार गुना बढ़ गई है। फिर भी संयुक्त राष्ट्र अतीत का कैदी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि, इसका परिणाम ये हुआ है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति और स्थिरता बनाए रखने में संघर्ष करती दिख रही है। जिससे उसकी प्रभावशीलता और विश्वसनीयता कम होती जा रही है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक अन्य कार्यक्रम में लाटविया की विदेश मंत्री, गुयाना के विदेश मंत्री, डीवी वर्ल्ड के सीईओ, वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के अध्यक्ष के साथ शिरकत की इस कार्यक्रम का आयोजन मशहूर थिंक टैंक ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में वैश्विक अर्थव्यवस्था की चुनौतियों, अर्थव्यवस्था के लोकतंत्रीकरण, कनेक्टिविटी बढ़ाने आदि मुद्दों पर चर्चा हुई ताकि सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल किया जा सके।

# इस्राइल-हिजबुल्ला के बीच युद्धविराम का प्रयास कर रहा अमेरिका



## पाकिस्तान में पोलियो के कुल 22 केस

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष बोर्ड (आईएमएफ) ने बुधवार को नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए सात अरब अमेरिकी डॉलर की विस्तारित फंड सुविधा (ईएफएफ) को मंजूरी दी। इससे पाकिस्तान की डगमगाई अर्थव्यवस्था को सहारा मिलेगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पहली किश्त 30 सितंबर, 2024 तक जारी होने की संभावना है। पाकिस्तानी वित्त मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, ऋण पर ब्याज दर पांच फीसदी से कम है।

आईएमएफ इस वित्तीय वर्ष के भीतर दूसरी किस्त का भुगतान कर सकता है। वहीं, स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के गवर्नर जमील अहमद ने कहा कि इस्लामाबाद को 1.10 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पहली किश्त मिलेगी। देश ने वैश्विक ऋणदाता की सभी मांगों को पूरा कर लिया है इस्राइल-हिजबुल्ला के बीच युद्धविराम का प्रयास कर रहे अमेरिका-फ्रांस इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच तनाव बढ़ रहा है।



इस्राइली सेना का कहना कि दक्षिणी इस्राइली शहर इलियट के बंदरगाह पर एक ड्रोन ने हमला किया है, जिससे मामूली नुकसान हुआ है। वहीं, अमेरिका पश्चिम एशिया के बढ़ते तनाव पर नजर रख रहा है। एक अमेरिकी अधिकारी का कहना है कि अमेरिका लेबनान में इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच अस्थायी संघर्ष विराम का प्रस्ताव पेश कर रहा है। फ्रांस ने भी कहा है कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच 21 दिन के युद्ध विराम की योजना पर काम किया है। फ्रांस का कहना है कि युद्धविराम का मकसद दोनों पक्षों के बीच वार्ता संभव कराना है। हिजबुल्ला के खिलाफ जमीनी हमले की तैयारी में इस्राइली सेना एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक इस्राइली सेना प्रमुख ने सैनिकों से लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ संभावित जमीनी हमले के लिए तैयार रहने को कहा है। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी पश्चिम एशिया में 'पूर्ण युद्ध' के खिलाफ चेतावनी दे चुके हैं। भारत बीबीएनजे समझौते में शामिल, विदेश मंत्री जयशंकर ने हस्ताक्षर किए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अमेरिका दौरे पर हैं। उन्होंने आज संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में जैव विविधता (बीबीएनजे) समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही भारत बीबीएनजे समझौते में शामिल हो गया है। इस संबंध में विदेश मंत्री ने अपने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'आज संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय ने राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता (बीबीएनजे) समझौते पर हस्ताक्षर किए।

भारत को बीबीएनजे समझौते में शामिल होने पर गर्व है, यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि हमारे महासागर स्वच्छ बने रहें।' अमेरिका दौरे पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव से मुलाकात की।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने जेलेंस्की के साथ अपनी बैठक के बारे में कहा कि संयुक्त राष्ट्र यूक्रेन की संप्रभुता और आजादी का मजबूती से समर्थन करता है।

उन्होंने यूएन चार्टर के आधार पर शांति बहाली की वकालत भी की। इसके अलावा जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (वठऋ्र) को संबोधित किया।

उन्होंने वैश्विक नेताओं से आग्रह किया कि वे उनके देश के साथ खड़े हों और रूस के युद्ध में दो साल से अधिक समय से चल रही 'वास्तविक, न्यायपूर्ण शांति' के बजाय 'शांति' की तलाश न करें इस वित्तीय वर्ष बांग्लादेश को 3.5 बिलियन डॉलर देगा वर्ल्ड बैंक बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मुलाकात की।

# लेबनान पर जमीनी हमले की तैयारी कर रहा इस्राइल

## अमेरिका की चेतावनी- इससे पश्चिम एशिया में तबाही का खतरा

**वॉशिगटन ।** इस्राइल के लेबनान में हवाई हमले और उसमें 550 से ज्यादा लोगों की मौत के बाद पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है और संघर्ष के बढ़ने का खतरा बना हुआ है। अब इस्राइल की नई योजना से ये संघर्ष पूर्ण युद्ध में तब्दील हो सकता है। दरअसल इस्राइल, लेबनान में जमीनी हमले करने की तैयारी कर रहा है और इसके लिए वह अपनी सेना को लेबनान में दाखिल करने की योजना बना रहा है। अमेरिका ने इसे लेकर चेतावनी दी है कि इससे पूरे पश्चिम एशिया में तबाही आ सकती है।

### तनाव को कम करने में जुटा अमेरिका

इस्राइल की सेना के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हेरजी हालेवी ने अपने सैनिकों को लेबनान में जमीनी हमले के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। पहले इस्राइल की लेबनान में जमीनी हमले की योजना नहीं थी, लेकिन अब जैसे हालात बन गए हैं और हिजबुल्ला ने इस्राइल को धमकी दी है, उसके बाद जमीनी हमले की आशंका बढ़ गई है। अमेरिका ने संयुक्त



राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा है कि वह पश्चिम एशिया में युद्धविराम की कोशिश कर रहा है और इस्राइल और लेबनान के बीच तनाव को कम करने के प्रयास कर रहा है। अमेरिका की चेतावनी- युद्ध से पश्चिम एशिया में तबाही आ सकती है अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस्राइल और लेबनान से शांति बनाए रखने की अपील की है और चेताया है कि अगर युद्ध हुआ तो इससे पूरे पश्चिम एशिया में तबाही आ सकती है।

# न्यूयॉर्क में हुई जी4 देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात

## सुरक्षा परिषद के तत्काल सुधार पर दिया जोर

**वॉशिगटन ।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में चार देशों के समूह (जी4) ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत के विदेश मंत्रियों ने मुलाकात की। इस दौरान स्थिति का आकलन किया गया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा, जर्मनी की संघीय विदेश मंत्री अनालेना बेयरबॉक, भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा ने 23 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के दौरान स्थिति का आकलन करने और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की।

### मौजूदा महत्वपूर्ण चुनौतियों का उल्लेख किया

जी4 मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र के मूल में बहुपक्षीय प्रणाली के लिए मौजूदा महत्वपूर्ण चुनौतियों का उल्लेख



किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र को समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने और इस प्रकार वर्तमान और भविष्य के लिए उपयुक्त बनाने के किसी भी प्रयास का एक अनिवार्य हिस्सा सुरक्षा परिषद का व्यापक सुधार है।

उन्होंने 22 और 23 सितंबर 2024 को भविष्य के शिखर सम्मेलन का स्वागत किया, जहां विश्व नेताओं ने सुरक्षा परिषद के तत्काल सुधार का जोरदार आह्वान किया। ब्राजील की पहल का भी स्वागत इस संबंध में, जर्मनी, भारत और जापान के मंत्रियों ने जी-20 की ब्राजील की अध्यक्षता के संदर्भ में वैश्विक शासन सुधार पर कार्रवाई के लिए आह्वान शुरू करने की ब्राजील की पहल का भी स्वागत किया। उन्होंने वैश्विक शासन को बदलने के महत्व पर जोर दिया और इस बात पर जोर दिया कि 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार पर चर्चा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार का आह्वान

जी-4 मंत्रियों ने सदस्यता की स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार का आह्वान किया। इसका इस दौरान काफी संख्या में सदस्य देशों ने इसका समर्थन किया ताकि परिषद की वैधता बढ़ाई जा सके और इसकी प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। वे सुरक्षा परिषद में दोनों सदस्यता श्रेणियों में विकासशील देशों और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले देशों की भूमिका और भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर सहमत हुए। इस संबंध में, उन्होंने दोनों सदस्यता श्रेणियों में अफ्रीका, एशिया-प्रशांत, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन जैसे कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों और क्षेत्रों के बेहतर प्रतिनिधित्व के महत्व पर भी जोर दिया।

# अमेरिका-मैक्सिको सीमा का दौरा कर प्रचार को धार देंगी कमला हैरिस

**वॉशिगटन ।** अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। ऐसे में, रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस मैदान में हैं। दोनों प्रतिद्वंद्वियों में कड़ा मुकाबला है। हालांकि, उपराष्ट्रपति को दक्षिण में असुरक्षित सीमा के माध्यम से अवैध आप्रवासियों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ पर विपक्षी ट्रंप अभियान द्वारा तीखे राजनीतिक हमलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में भारतीय मूल की हैरिस



ने वर्तमान स्थिति का आकलन करने के लिए अमेरिका-मैक्सिको सीमा की यात्रा करने का फैसला लिया है। डगलस की यात्रा करेंगी हैरिस हैरिस-वॉल्ज अभियान ने बुधवार को एलान किया ।

# ट्रंप के बाद ओबामा की सुरक्षा में चूक, हथियारबंद शख्स पूर्व राष्ट्रपति की कार के पास पहुंचा

**वॉशिगटन ।** रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर हाल ही में जानलेवा हमला हुआ था, तब अमेरिका की सीक्रेट सर्विस पर सवाल खड़े हो गए थे। अब एक बार फिर संघीय एजेंसी सवालों के घेरे में हैं। बताया जा रहा इस बार पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की सुरक्षा में लापरवाही हुई है। दरअसल, एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि डेमोक्रेट नेता से कथित तौर पर लॉस एंजिल्स में एक 'हथियारबंद' व्यक्ति ने संपर्क किया था। हालांकि, एजेंसी ने स्पष्ट किया कि ये दावे गलत हैं और पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर कोई डर नहीं है।





## ओबामा अपनी कार में बैठे थे

रिपोर्ट के अनुसार, ओबामा लॉस एंजिल्स में अपने पसंदीदा रेस्तरां मदर वुल्फ के बाहर अपनी कार एसयूवी में बैठे थे, तभी एक व्यक्ति उनकी गाड़ी के पास पहुंचा। उस समय पूर्व राष्ट्र पति अपने लैपटॉप पर काम कर रहे थे। इस पर सीक्रेट सर्विस ने सफाई देते हुए इन दावों को गलत बताया। यह रही सीक्रेट सर्विस की सफाई सीक्रेट सर्विस के एक प्रतिनिधि ने कहा, 'सीक्रेट सर्विस हमारे सुरक्षा के साधनों और तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दे सकती, लेकिन हम इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि जब व्यक्ति गली से नीचे जा रहा था, उस समय कोई भी सीक्रेट सर्विस सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति वाहन में मौजूद नहीं था। ये दावे गलत हैं। विवादित फोटो वहां से निकलने के समय की है, कथित घटना के दौरान की नहीं।'

## क्या कहा प्रत्यक्षदर्शियों ने?

हालांकि, मीडिया रिपोर्ट में प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से इसके उलट बताया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है, एक सशस्त्र सुरक्षा गार्ड ओबामा से कुछ इंच की दूरी पर था। उसने देखा कि पूर्व राष्ट्रपति अपनी एसयूवी की पिछली सीट पर बैठे लैपटॉप का इस्तेमाल कर रहे हैं। तभी गार्ड घबरा गया क्योंकि उसे एहसास हुआ कि उसके पास हथियार है और कार के अंदर बैठा शख्स सीक्रेट सर्विस की सुरक्षा में हैं। इसके बाद वह तुरंत कार से दूर चला गया। सीक्रेट सर्विस सुरक्षा चूक के आरोप पर प्रारंभिक रिपोर्ट में क्या कुछ? एक सशस्त्र सुरक्षा गार्ड का दावा है कि वह शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा से कुछ फीट की दूरी पर आ गया था, जिसे उसने सीक्रेट सर्विस की सुरक्षा चूक बताई। सुरक्षा गार्ड ने अपनी पहचान उजागर नहीं करते हुए बताया कि पूर्व राष्ट्रपति की गाड़ी शनिवार शाम साढ़े सात बजे हॉलीवुड की एक गली में स्थित मदर वुल्फ रेस्तरां के बाहर खड़ी थी। किसी ने उसे बताया था कि संघीय एजेंट बाहर तैनात हैं, जिसके बाद वह नीचे चला गया था। उसने गली में दो सीक्रेट सर्विस एजेंट देखे।

# भारतीय मूल की लेखिका झुम्पा लाहिड़ी का बड़ा फैसला - नोगुची म्यूजियम से नहीं लेंगी अवॉर्ड

**वॉशिगटन ।** भारतीय मूल की लेखिका झुम्पा लाहिड़ी ने न्यूयॉर्क के नोगुची म्यूजियम से अवॉर्ड लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने केफियेह पर प्रतिबंध लगाए जाने पर नाराजगी जताते हुए यह फैसला लिया। हालांकि, म्यूजियम का कहना है कि वह पुलित्जर पुरस्कार विजेता झुम्पा के निर्णय का सम्मान करते हैं, लेकिन नई ड्रेस कोड पॉलिसी में केफियेह पर प्रतिबंध लगाया गया है।

बता दें, म्यूजियम ने केफियेह (काले या सफेद कपड़े) पहनने के आरोप में तीन कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। दरअसल, केफियेह को फलस्तीनी एकजुटता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इसी वजह से म्यूजियम ने नई ड्रेस कोड पॉलिसी लागू की थी, जिसके तहत केफियेह पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## कौन हैं झुम्पा लाहिड़ी?

झुम्पा लाहिड़ी का जन्म लंदन में हुआ था। वे एक आप्रवासी बंगाली भारतीय परिवार की बेटी हैं। जब वे तीन वर्ष की थीं तो उनका परिवार संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने चला गया था। वे उपन्यास, निबंध और लघु कहानियां लिखने के लिए काफी प्रसिद्ध हैं। लाहिड़ी की बड़ी खासियत है कि उनकी लेखन शैली बहुत सरल है।

उन्हें उनकी पुस्तक 'इंटरप्रेटर ऑफ मैलेडीज' के लिए 2000 में पुलित्जर पुरस्कार मिला था।



अब उन्होंने गाजा में फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए केफियेह पहनने वाले कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने के बाद क्वींस के नोगुची म्यूजियम से अवॉर्ड लेने से इनकार कर दिया।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, म्यूजियम ने बुधवार को यह जानकारी दी। नोगुची म्यूजियम का कहना है, 'पुलित्जर पुरस्कार विजेता लेखिका ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। झुम्पा लाहिड़ी ने हमारी नई ड्रेस कोड पॉलिसी के जवाब में 2024 इसामु नोगुची पुरस्कार को नहीं स्वीकार करने का फैसला किया है। हम उनके दृष्टिकोण का सम्मान करते हैं और समझते हैं कि यह पॉलिसी सभी के विचारों से मेल नहीं खा सकती।'

हालांकि, नई ड्रेस पॉलिस घुमने आए लोगों पर लागू नहीं होती है। न्यूयॉर्क में स्थित म्यूजियम ने कहा, 'हम समावेशिता और खुलेपन के अपने मूल्यों को बनाए रखते हुए इसामू नोगुची की कला और विरासत की समझ और प्रशंसा को आगे बढ़ाने के अपने मुख्य मिशन के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

## पिछले महीने लगाया था केफियेह पर प्रतिबंध

पिछले महीने जापानी अमेरिकी मूर्तिकार इसामु नोगुची द्वारा स्थापित म्यूजियम ने एक पॉलिसी की घोषणा की थी।

इसके तहत कर्मचारियों को काम के घंटों के दौरान राजनीतिक संदेश, नारे या प्रतीक से जुड़ा कुछ भी पहनने से मना किया गया था।

केफियेह पहनने के आरोप में तीन कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया था।

इस्राइल-गाजा युद्ध पर अपने रुख के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका में अन्य लोगों को भी अपनी नौकरियां खोनी पड़ी हैं।

एक साल से जारी युद्ध सात अक्तूबर को सबसे पहले फलस्तीन समर्थित हमास के लड़ाकों ने इस्राइल पर घुसकर हमला किया था और सैकड़ों लोगों को मार दिया था। करीब 250 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गए थे। उसके बाद इस्राइल ने पलटवार करने का एलान किया और हमास के आखिरी लड़ाके को मार गिराने तक युद्ध समाप्त ना करने की कसम खाई।

# यू एन एस सी में स्थायी सीट का किया समर्थन

## यूएन महासभा के मंच से फ्रांस के राष्ट्रपति ने की भारत की वकालत

**न्यूयॉर्क ।** संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बड़ा बयान दिया है। दरअसल उन्होंने अपने संबोधन में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार की जरूरत बताई और भारत को इसमें स्थायी सीट देने की वकालत की। गौरतलब है कि इससे पहले अमेरिका समेत कई प्रमुख राष्ट्र भी भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने का समर्थन कर चुके हैं।

### यूएन महासभा की बैठक में बोले फ्रांस के राष्ट्रपति

अपने संबोधन में इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि 'फ्रांस, सुरक्षा परिषद के विस्तार के पक्ष में है और जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को भी सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य होना चाहिए। साथ ही अफ्रीका से भी दो देशों को इसमें प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।' गौरतलब है कि अमेरिका भी भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने का समर्थन कर चुका है। बीते दिनों ही संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी की राजदूत लिंडा थॉमस ने भी अपने एक बयान में कहा था कि भारत, जापान और जर्मनी को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट दी जानी चाहिए। अमेरिकी राजदूत ने अफ्रीका के दो देशों को भी स्थायी सीट देने का समर्थन किया और अन्य अफ्रीकी देशों को सुरक्षा परिषद की अस्थायी सदस्यता देने की वकालत की थी। हालांकि अमेरिका ने ब्राजील को सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने पर साफ कोई जवाब नहीं दिया। अमेरिका ने कैरिबियाई देश और लैटिन अमेरिकी देशों को भी सुरक्षा परिषद में जगह देने का समर्थन दिया। भारत, लंबे समय से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है और अब जैसे जैसे भारत की वैश्विक मंच पर अहमियत बढ़ रही है तो दुनिया के कई देश भी भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल करने का समर्थन दे रहे हैं।






# नगर निगम का वसुंधरा जोन में चला बुलडोजर, हटाया अवैध अतिक्रमण

## पर्यावरण को प्रदूषित करने वालों पर लगाया गया जुर्माना





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम ने वसुंधरा जोन अंतर्गत अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस मौके पर जोनल प्रभारी एसके राय, एस. एफ. आई. हिमांशु व अन्य प्रवर्तन दल टीम उपस्थित रही। अभियान के दौरान अवैध अतिक्रमण हटाया गया। पॉलिथीन मुक्त अभियान भी चलाया गया तथा अवैध रूप से पर्यावरण को प्रदूषित कर रही कोयला भट्ठी को भी बंद कराया गया, 1,01000 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विद्यार्थियों को भी वेस्ट से बेस्ट बनाने के लिए मोटिवेट किया जा रहा है तथा प्लास्टिक के बहिष्कार के लिए अपील की जा रही है। वसुंधरा जोन के क्षेत्र में जनसहयोग से अभियान चलाया गया जिसमें अवैध अतिक्रमण में 52000, पॉलिथीन मुक्त में 39000, कोयला भट्ठी पर 10000 का जुर्माना वसूला गया। एसबीएम टीम द्वारा भी पॉलिथीन मुक्त अभियान को लेकर मुख्य चौराहों पर जन जागरूकता के कार्यक्रम कराए जा रहे हैं तथा शहर को पूर्ण रूप से सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के लिए निगम की कार्रवाई तेजी से चल रही है जो की सराहनीय है।

## सदस्यता अभियान : उत्तर प्रदेश के टॉप 10 जिलों की सूची में दूसरे स्थान पर किसान मोर्चा महानगर गाजियाबाद

# पश्चिम उत्तर प्रदेश में 15,854 लोगों को सदस्यता दिलाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सदस्यता अभियान में भाजपा किसान मोर्चा महानगर गाजियाबाद द्वारा 15,854 लोगों को सदस्यता दिलाकर पश्चिम उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 2 सितंबर से चल रहे सदस्यता अभियान प्रथम चरण 25 सितंबर शाम 7:00 बजे तक किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर ने सोशल मीडिया पर पश्चिम उत्तर प्रदेश के टॉप 10 जिलों की सूची जारी की जिसमें किसान मोर्चा महानगर गाजियाबाद को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। मोर्चा महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज ने बताया की किसान मोर्चा के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में निरंतर आम जनमानस को भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। पंकज भारद्वाज ने सोशल मीडिया के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया।

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में यूपी की उच्च शिक्षा की उपलब्धियों का हो रहा है प्रदर्शन

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति और आईसीटी के उपयोग को यूपी मेले में मिली नई पहचान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने 25 से 29 सितंबर 2024 तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर मार्ट में आयोजित यूपी अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में अपनी प्रमुख पहलों और उपलब्धियों का भव्य प्रदर्शन किया। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में विभाग ने इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में की गईं अपनी महत्वपूर्ण प्रगति और नीतियों को प्रदर्शित किया।

### प्रमुख सचिव एम.पी. अग्रवाल ने स्टॉल का निरीक्षण कर दिये अहम सुझाव

प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, एम.पी. अग्रवाल ने मेले में विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किया और सुधार के लिए कुछ अहम सुझाव भी दिए। यह स्टॉल मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रियान्वयन, शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के उपयोग, क्षेत्रीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार और भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) को उच्च शिक्षा में एकीकृत करने जैसी पहलों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा को डिजिटल और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। छात्रों को टैबलेट और मोबाइल उपकरण वितरित किए गए हैं, और प्रयागराज में ऑनलाइन शिक्षा के लिए ई-स्टूडियो की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त, 41 लाख से अधिक छात्र अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स में पंजीकृत हो चुके हैं, और राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में 'समर्थ-ईआरपी' प्रणाली लागू की जा चुकी है। इसके साथ ही, उच्च शिक्षा संस्थानों में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए केंद्र स्थापित किए गए हैं और स्थानीय भाषाओं में ई-सामग्री तैयार की जा रही है ताकि शिक्षा को अधिक सुलभ बनाया जा सके।

# धर्मांतरण मामले में कॉल रिकॉर्ड और व्हाट्सएप डाटा खोलेगा कई चौंकाने वाले राज

फॉलोअप

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई चर्च में जाएगी नंदग्राम पुलिस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सिटी जोन के अंतर्गत नंदग्राम थानाक्षेत्र के सेवा नगर में जिस तरीके से इंग्राहॅम स्कूल के पीटीआई द्वारा अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर धर्मांतरण का खेल खेला जा रहा था। उसकी पुलिस जांच तेज हो गई है। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले में पुलिस गिरफ्तार किए गए पांचो आरोपियों के मोबाइल नंबरों का पूरे एक साल का डाटा कलेक्ट करने के साथ ही व्हाट्सएप की लंबी चैटिंग भी जुटाने का काम शुरू कर चुकी है।

इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई प्रमुख चर्चों से भी इन लोगों के संबंध और उनके द्वारा लोगों को धर्मांतरण को लेकर पढ़ाए जाने वाले पाठ की जानकारी भी लेगी। इसके साथ ही आसपास रहने वाले कई लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि इस पूरे मामले में पुलिस ने जो टेक्निकल और इलेक्ट्रिक एविडेंस जुटाएं हैं, वह फॉरेंसिक जांच के बाद और अधिक पुष्ट हो जाएंगे।

### जेल में बंद आरोपियों से भी होगी पूछताछ



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया है कि इस पूरे मामले में पुलिस ने पीटीआई सहित सभी पांचों आरोपियों को जेल भेज दिया है। अब जल्द ही पांचों आरोपियों से पुलिस की टीम डासना जेल में जाकर पूछताछ करेगी और आवश्यकता पड़ेगी तो इनको जेल से बाहर ले जाकर भी पूछताछ की जाएगी। बताया जा रहा है कि पुलिस को शुरूआती जांच में धर्मांतरण कराए जाने के तमाम सबूत मिले हैं। जिसे पुलिस इस पूरे मामले में केस डायरी का हिस्सा बनाएगी।

### खुफिया तंत्र भी जुटा रहा है इनपुट

करंट क्राइम : नंदग्राम के सेवा नगर में जिस तरीके से हिंदू परिवारों को ईसाई धर्मांतरण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है, उसके बाद लोकल इंटेलीजेंस की टीमें भी अलर्ट हो गई हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि लखनऊ और दिल्ली में बैठे अधिकारियों ने इस मामले को प्रमुखता से संज्ञान लेते हुए गाजियाबाद के अन्य इलाकों में इस तरीके की गतिविधि होने की जानकारी जुटाना के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोकल पुलिस के अधिकारियों को इस पूरे मामले में प्रमुखता और कठोरता के साथ जांच कर रिपोर्ट आगे भेजे जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## सम्मान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष बीके शर्मा हनुमान दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने समाचार सम्पादक दीपक भाटी और वरिष्ठ संवाददाता सुभाष शर्मा को फरसा भेंट कर सम्मानित किया। पुष्प माला व पटका पहनाकर सम्मान दिया। इस अवसर पर दैनिक करंट क्राइम के वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण, साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## किसान वार्ता



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वेव सिटी के किसान जीडीए पहुचे और उन्होंने जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह, अपर सचिव पीके सिंह, ओएसडी श्रीमती गुंजा सिंह से मुलाकात की। वेव सिटी में भू अधिग्रहण से प्रभावित किसानों ने जीडीए अधिकारियों से जमीन को लेकर अपना पक्ष रखा। इस दौरान जीडीए अधिकारियों ने किसानों को बातों को ध्यान से सुनकर उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।



शोक संदेश

स्व. श्रीमती शकुंतला गुप्ता

धर्मपत्नी स्व. श्री ओम प्रकाश गुप्ता (लक्ष्मी सेफ वाले)

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माताजी श्रीमती शकुंतला गुप्ता (धर्मपत्नी स्व. श्री ओम प्रकाश गुप्ता, लक्ष्मी सेफ वाले) अपनी सांसारिक जीवन यात्रा पूर्ण करके 17 सितम्बर 2024, मंगलवार को हमारा साथ छोड़कर गौलोक के लिए प्रस्थान कर गई हैं। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी तेरहवीं व शोक सभा निम्न कार्यक्रमानुसार होनी निश्चित हुई है।

27 सितम्बर 2024, शुक्रवार

हवन
प्रात: 9.00 बजे
(निज निवास पर)
113/14, नवयुग मार्किट, गाजियाबाद

ब्रह्म भोज
दोपहर 12.00 बजे से
रस्म पगड़ी व शोक सभा
दोपहर 3.00 बजे
स्थान: वोल्गा पैलेस, वसंत रोड, मालीवाड़ा, गाजियाबाद

शोकाकुल परिवार:
लोकेश गुप्ता, नवीन गुप्ता (पुत्र)
मनोज गुप्ता (जिला महामंत्री राष्ट्रीय व्यापार मंडल) (पुत्र)
सचिन, शुभम, अयांश (पौत्र)
अंश, ताश्विक (प्रपौत्र)
सम्पर्क: 9873010043, 9810177543

# उत्तर प्रदेश के हुनर को मिल रहा है वैश्विक पहचान

## इंटरनेशनल ट्रेड शो में कौशल विकास मिशन का पवेलियन बना आकर्षण का केंद्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे दिन, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के पवेलियन ने अपने अद्वितीय कौशल प्रदर्शनों से आगंतुकों का दिल जीत लिया। पवेलियन में प्रदेश के हुनरमंद युवाओं ने विभिन्न विशिष्ट कौशलों का लाइव प्रदर्शन किया, जिससे आगंतुकों को प्रदेश के उभरते कौशल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में गहन जानकारी मिली।

प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने पवेलियन का दौरा कर युवाओं के कौशल प्रदर्शन की सराहना की , इस मौके पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने पवेलियन का दौरा किया। उन्होंने युवाओं के कौशल प्रदर्शन की सराहना की और उनके साथ संवाद कर उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। ट्रेड शो में कौशल विकास मिशन की गतिविधियों और लाइव प्रदर्शनों का अनुभव करने के लिए हॉल नंबर 06 में सभी लोग आमंत्रित हैं।

## पति ने की अपनी पत्नी की हत्या, भाई के साथ मिलकर हादसे का रूप देने की कोशिश



**नोएडा ।** से एक महिला की दर्दनाक तरीके से हत्या करने का मामला सामने आया है। यहां के बिसरख थाना क्षेत्र के रोजा जलालपुर गांव में पति ने ही अपने भाई के साथ मिलकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इन दोनों ने इसे एक हादसे का रूप देने की कोशिश की। इस मामले में पुलिस ने अहम सुराग इकट्ठा किए और मृतका के परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी पति और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया।

### डॉग स्क्वायड के साथ पुलिस ने किया मौके का निरीक्षण

डीसीपी सेंट्रल नोएडा, शक्ति अवस्थी ने बताया कि पुलिस को रात के समय रोजा जलालपुर गांव में एक महिला की शव मिलने की सूचना मिली थी। इसके बाद फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड के साथ पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। दरसअल महिला का पति महिला को बाजार से लेकर आ रहा था। इस दौरान उसने अपने भाई के साथ मिलकर महिला नीरज की हत्या कर दी। दोनों भाइयों ने इसे हादसा साबित करने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने इस मामले में अहम साक्ष्य इकट्ठा कर इस मामले में आरोपी पति और उसके छोटे भाई को गिरफ्तार कर लिया।